

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार 10 जनवरी 2024 ■ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-282 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 11 जनवरी 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप



सुकमा। राम भक्त जगत मंडल (जय भाई) आज सायकल से दोरनापाल से अयोध्या के लिए रवाना हो गये हैं।

### किसानों को मिलेगा उनका वाजिब हक :साव

**रायपुर,10 जनवरी।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि किसानों को मिलेगी। किसान चिंता न करें। उनको उनका वाजिब हक मिलेगा। साव मुंगेली जिले के जरहागांव में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल होने जरहागांव पहुंचे थे। जरहागांव स्थित गांधी मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के बाद मीडिया से साव ने चर्चा की। यह पूछे जाने पर कि किसानों को बीते वर्ष धान बेचने के एवज में राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किस्त की राशि नहीं मिल पाई है। विधानसभा चुनाव आचार संहिता प्रभावी होने के कारण राज्य सरकार ने किसानों के बैंक खाते में किस्त की राशि जमा नहीं की। सवाल उठा कि क्या भाजपा सरकार किसानों के हित में चौथी किस्त की राशि देने का निर्णय लेगी। इस पर साव ने कहा कि किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उनको उनका वाजिब हक मिलेगा।

### मकान मालकिन को बंधक बनाकर 7 लाख के गहनों के लूट

**रायगढ़,10 जनवरी।** जिले में लुटेरी लड़कियों ने एक मकान मालकिन को बंधक बनाकर लाखों की लूटपाट की है. इसकी शिकायत के बाद पुलिस ने तीन लुटेरियों को गिरफ्तार कर लिया है. मामला चक्रधर थाना क्षेत्र का है. मिली जानकारी के अनुसार, जिले के सूर्यविहार में गेट के करीब एक मकान में तीन लड़कियों ने डकैती को अंजाम दिया है. मकान मालकिन शालिनी अग्रवाल ने बताया कि, उनके घर में काम करने वाली बाई और उसकी सहेलियों ने इस घटना को अंजाम दिया है. शालिनी ने बताया कि, वह नहाने के लिए गई थी. जैसे ही वह बाथरूप से निकली तो काम वाली बाई और उसकी दो सहेलियों ने उस पर हमला कर दिया. इससे वह बेहोश हो गई. फिर उन्हें बंधक बनाकर तीनों ने करीब 50 हजार रुपये कैश और करीब 6-7 लाख रुपये की ज्वेलरी लेकर फरार हो गए.

### हैदराबाद स्टेशन पर चारमीनार एक्सप्रेस पटरी से उतरी

**हैदराबाद ,10 जनवरी ।** हैदराबाद के नामपल्ली रेलवे स्टेशन पर बुधवार को चेन्नई-हैदराबाद चारमीनार एक्सप्रेस के पटरी से उतर जाने से कम से कम पांच यात्री घायल हो गए। घायलों को रेलवे कर्मचारियों द्वारा अस्पताल ले जाने के लिए स्टेशन से बाहर ले जाते देखा गया। हादसा उस समय हुआ जब प्लेटफार्म नंबर पांच पर आ रही ट्रेन अनियंत्रित होकर बगल की दीवार से जा टकराई। इससे तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। आपदा प्रतिक्रिया बल (डीआरएफ) की टीमें रेलवे स्टेशन पर पहुंचीं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रेन धीमी गति से चल रही थी, इसलिए बड़ा हादसा टल गया। नामपल्ली चारमीनार एक्सप्रेस का अंतिम पड़ाव है। तेलंगाना के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि घायलों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान किया जाए।

## भारत आज दुनिया में स्थिरता की गारंटी: मोदी

### अगले 25 वर्षों में देश को विकसित बनाने का है लक्ष्य

**नई दिल्ली,10 जनवरी।** वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमने अगले 25 वर्षों में भारत को एक विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारत ने आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाया। अब भारत अगले 25 साल की तैयारी कर रहा है। हमारा लक्ष्य आजादी के 100 साल पूरे होने तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है। अगले 25 साल भारत के लिए 'अमृत काल' होने वाले हैं। यह नये संकल्पों का समय है। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात समिट आर्थिक विकास और निवेश का एक वैश्विक मंच बन गया है।

मोदी ने कहा कि उन्होंने कहा कि भारत और यूएई ने फूड पार्क के विकास, नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग और नवीन स्वास्थ्य देखभाल में निवेश के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत के बंदरगाह बुनियादी ढांचे के लिए यूएई की कंपनियां अरबों डॉलर के निवेश पर सहमत हुई हैं। भारत और यूएई अपने रिश्ते को नई ऊंचाइयों पर ले गए हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत को स्थिरता के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखती है। एक दोस्त जिस पर भरोसा किया जा सकता है, एक साथी जो जन-केंद्रित विकास में विश्वास करता है, एक आवाज जो वैश्विक भलाई में विश्वास करती है, ग्लोबल साउथ की आवाज,



वैश्विक अर्थव्यवस्था में विकास का एक इंजन, समाधान खोजने के लिए एक प्रौद्योगिकी केंद्र, एक पावरहाउस प्रतिभाशाली युवाओं और एक लोकतंत्र जो उद्धार करता है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जबकि 10 साल पहले भारत 11वें स्थान पर था। आज दुनिया की हर प्रमुख रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की टॉप 3 इकोनॉमी में जाएगा। एक ऐसे समय में जब विश्व अनेक अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। तब भारत दुनिया में विश्वास की एक नई किरण बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के लोगों को अपना विश्लेषण करने दीजिए, लेकिन यह मेरी गारंटी है कि ऐसा होगा। मोदी ने कहा कि आज तेजी से बदलते हुए वर्ल्ड आर्डर में भारत विश्वमित्र की भूमिका में आगे बढ़ रहा है। आज भारत ने विश्व को ये भरोसा दिया है कि हम साझा लक्ष्य तय कर सकते हैं, अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। विश्व कल्याण के लिए भारत की प्रतिबद्धता, निष्ठा, प्रयास और भारत का परिश्रम आज की दुनिया को ज्यादा सुरक्षित और समृद्ध बना रहा है। उन्होंने कहा कि अपनी स्थापना के बाद से पिछले 20 वर्षों में, वाइब्रेंट गुजरात के शिखर सम्मेलन ने नए विचारों को एक मंच दिया है और निवेश और रिटर्न के लिए नए रास्ते खोले हैं। 2024 की थीम 'भविष्य का प्रवेश द्वार' है। हमारे प्रयासों और प्रतिबद्धता से ही 21वीं सदी का भविष्य जीवंत होगा। अपनी त्र20 अध्यक्षता के दौरान, भारत ने वैश्विक भविष्य के लिए एक रोडमैप दिया। आज हम उस दृष्टिकोण को आगे ले जाना चाहेंगे।

## अडानी ग्रुप बनाएगा अंतरिक्ष से दिखने वाला ग्रीन एनर्जी पार्क

**गांधीनगर,10 जनवरी।** अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने गुजरात में साल 2025 तक 55000 करोड़ रुपये निवेश करने का ऐलान किया है। वहीं, अडानी समूह ने अगले पांच वर्षों में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश की योजना बनाई है। गौतम अडानी ने गुजरात के गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन (वीजीजीएस) में यह घोषणा की। इसमें मुख्य रूप से एक ग्रीन एनर्जी पार्क का निर्माण शामिल है जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा। इस दौरान गौतम अडानी ने कहा कि इस निवेश से एक लाख नौकरियों का सृजन होगा। इस अवसर पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, कई केंद्रीय मंत्री और दुनिया भर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



गौतम अडानी ने कहा अडानी समूह अब कच्छ में 25 वर्ग किलोमीटर में फैला 30 गीगावॉट क्षमता वाला एक ग्रीन एनर्जी पार्क बना रहा है, जो अंतरिक्ष से भी दिखाई देगा। साल 2014 के बाद से भारत ने सकल घरेलू उत्पाद में 185 प्रतिशत की वृद्धि और प्रति व्यक्ति आय में 165 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है, जो वैश्विक महामारी जैसी चुनौतियों को देखते हुए शानदार है। वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन में टाटा समूह ने भी गुजरात में निवेश का ऐलान किया। समूह के मुताबिक गुजरात के धोलेरा में एक सेमीकंडक्टर कारखाने को लगाया जाएगा। टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि समूह दो महीने में साणंद में लिथियम आयन बैटरी बनाने के लिए 20 गीगावॉट की गीगाफैक्टरी शुरू करने वाला है उन्होंने कहा कि टाटा समूह ने एक संकल्प किया जो पूरा होने वाला है। साथ ही धोलेरा में विशाल सेमीकंडक्टर फैब की घोषणा कर रहे हैं। चंद्रशेखरन ने कहा कि सेमीकंडक्टर फैब के लिए बातचीत पूरी होने वाली है और 2024 में इसे शुरू करेंगे। वहीं, मुकेश अंबानी ने कहा कि उनकी कंपनी रिलायंस हजीरा में भारत की पहली तथा विश्व स्तरीय कार्बन फाइबर सुविधा स्थापित करेगी। अंबानी ने कहा कि रिलायंस ने पिछले सिर्फ 10 वर्ष में पूरे भारत में विश्व स्तरीय संपत्ति तथा क्षमताएं स्थापित करने में 150 अरब अमेरिकी डॉलर (12 लाख करोड़) से अधिक का निवेश किया है।

## दो बाइक में टक्कर,एक की मौत

**कोरबा,10 जनवरी।** जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. दो बाइक में आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हुई. हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि 2 घायल हैं. घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दिया है. यह मामला उरगा थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, उरगा थाना अंतर्गत कनकी मुख्य मार्ग की खैरभवना पूल के पास देर रात दो बाइक में आमने-सामने से टकरा गई. एक बाइक में दो लोग सवार थे, जिसमें एक की मौत हो गई है और दूसरा घायल है. वहीं दूसरी बाइक के केवल एक ही सवार था, जो हादसे में घायल हो गया है. घटना से बाद मौके पर राहगीर पहुंचे और भीड़ लग गई. घटना की सूचना पर पुलिस को दी गई. सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शॉ को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है. हादसे में जान गवाने वाले युवक का नाम रामा मरकाम 30 वर्ष पाली चैतमा निवासी है. मृतक और घायल युवक कानपुर के एक निजी कंपनी में काम करते थे. बताया जा रहा है कि हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ है.





**बलरामपुर।** कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम होने से छत्तीसगढ़ से श्रद्धालुओं को लेकर वृंदावन जा रही टूरिस्ट बस विपरीत दिशा से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में पलट गई. हादसे में कई श्रद्धालुओं घायल हुए हैं।

## अमेरिका में हिन्दुओं ने निकाली भव्य 'राम' रैली

**ह्यूस्टन,10 जनवरी।** इस माह के अंत में अयोध्या में आयोजित होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले हिंदू अमेरिकी समुदाय के सदस्यों ने रविवार को ह्यूस्टन में एक विशाल कार रैली निकाली। यह रैली भजन और 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए रास्ते में 11 मंदिरों में भी रुकी। विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका (वीएचपीए) ने मंदिर के पदाधिकारियों को 22 जनवरी को अयोध्या में आयोजित होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए औपचारिक निमंत्रण भी दिया। भारत और अमेरिका के झंडे और राम मंदिर की छवि वाले भगवा बैनर लिए 500 से अधिक लोगों ने 216 कारों की लगभग पांच किलोमीटर लंबी कतार के साथ रैली निकाली। इस दौरान अपनी मोटरसाइकिल पर आठ पुलिसकर्मी भी रैली के साथ-साथ मौजूद रहे। ह्यूस्टन के समाज सेवी जुगल मालानी ने श्री मीनाक्षी मंदिर से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और दोपहर बाद रिचमंड के श्री शरद अंबा मंदिर पहुंचने के बाद इसका समापन हुआ। ह्यूस्टन के व्यस्त मार्गों से होते हुये रैली ने लगभग 160 किलोमीटर की दूरी तय की और छह घंटे की रैली के दौरान करीब 11 मंदिरों पर भी रुकी। मंदिरों में लगभग दो हजार श्रद्धालु इक्ट्ठा हुए, जिनमें युवा और बुजुर्ग दोनों शामिल रहे। इस दौरान कई श्रद्धालुओं की आंखें नम दिखीं। मंदिरों में भजनों के साथ जुलूस का स्वागत किया गया।

## शुरू होने से पहले ही राहुल की न्याय यात्रा पर ब्रेक

**मणिपुर सरकार ने मैदान देने से किया इंकार**

**इंफाल,10 जनवरी।** मणिपुर सरकार ने कांग्रेस को झटका दिया है। राज्य की एन बीरेन सिंह सरकार ने पूर्वी इंफाल जिले के प्रसिद्ध मैदान हफ्ता कांगजेइबुंग से 14 जनवरी को शुरू होने वाली राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इसके बाद मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को यात्रा शुरू करने के लिए वैकल्पिक स्थान की व्यवस्था करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के मेघचंद्र ने इसकी पुष्टि करते हुए बुधवार को कहा, ÷हमने आज भारत जोड़ो न्याय यात्रा के आयोजन स्थल की अनुमति के संबंध में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने हफ्ता कांगजीबुंग, पैलेस कंपाउंड के लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया है।

मेघचंद्र ने कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। यह लोगों के अधिकारों का उल्लंघन है और लोगों के राजनीतिक अधिकारों का भी उल्लंघन है, खासकर मणिपुर के लोगों का। उन्होंने कहा, भले ही सरकार सार्वजनिक स्थल पर यात्रा की अनुमति देने से इनकार करे लेकिन हम निर्धारित कार्यक्रम के लिए एक वैकल्पिक निजी स्थान की व्यवस्था करेंगे। उन्होंने कहा, आखिरकार यह यात्रा युवाओं के लिए है, महिलाओं के लिए है, किसानों के लिए है, गरीबों के लिए है। उन्होंने कहा कि यह एक गैर राजनीतिक यात्रा है। बुधवार को इंफाल में राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के कार्यालय में उनसे मुलाकात के दौरान मेघचंद्र के साथ एमपीसीसी के उपाध्यक्ष हरेश्वर गोस्वामी, एमपीसीसी के कार्यकारी अध्यक्ष ख देबदत्त और एमपीसीसी के वरिष्ठ प्रवक्ता निंगोम्बम भूपेनदा भी थे। मणिपुर से मुंबई तक की भारत जोड़ो न्याय यात्रा14 जनवरी को इम्फाल से शुरू होने वाली है। इसका नेतृत्व राहुल गांधी सहित एआईसीसी के वरिष्ठ नेता करेंगे। यात्रा 66 दिनों में 15 राज्यों में 6700 किमी की दूरी तय करते हुए 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी। यह यात्रा 110 जिलों, 100 लोकसभा सीटों और 337 विधानसभा सीटों को कवर करेगी। सोमवार को कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल के नेतृत्व में एआईसीसी की एक टीम भारत जोड़ो न्याय यात्रा से पहले तैयारी कार्यों की निगरानी के लिए इंफाल पहुंची थी। इस दौरान वेणुगोपाल ने कहा, हम यहां से यात्रा शुरू कर रहे हैं क्योंकि हमने सोचा कि मणिपुर को न्याय की जरूरत है। मणिपुर में जो घाव हुआ उसे भरना होगा। मणिपुर के लिए प्यार और स्नेह का संदेश होना चाहिए।÷ दूसरी तरफ, एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने कहा कि मणिपुर में कानून व्यवस्था की मौजूदा स्थिति बहुत गंभीर है।

## एक लीटर बोतलबंद पानी में 2.4 लाख प्लास्टिक के टुकड़े

**नई दिल्ली ,10 जनवरी।** बोतलबंद पानी को लेकर खतरनाक और सेहत को नुकसान पहुंचाने वाला खुलासा हुआ है। एक नई स्टडी में यह पता चला है कि एक लीटर बोतलबंद पानी में औसत 2.4 लाख प्लास्टिक के टुकड़े मिल रहे हैं। ये पिछली स्टडी की तुलना में 10 से 100 गुना ज्यादा बताए जा रहे हैं। माइक्रोप्लास्टिक एक माइक्रोमीटर यानी एक मीटर का 10 लाखवां हिस्से जितने आकार के हो सकते हैं। या फिर 5 मिलिमीटर तक के. नैनोप्लास्टिक माइक्रोमीटर से भी छोटे होते हैं। यानी एक मीटर का 100 करोड़वां हिस्सा। कोलंबिया यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने अमेरिका में बिकने वाले टॉप ब्रांड्स के बोतलबंद पानी की जांच की।

पता चला कि हर बोतल में 100 नैनोमीटर के प्लास्टिक पार्टिकल मौजूद हैं। उन्हें हर एक लीटर में 1.1 से 3.7 लाख नैनोमीटर प्लास्टिक मिले। जबकि बाकी माइक्रोप्लास्टिक. 2.4 लाख माइक्रोप्लास्टिक का 90 फीसदी हिस्सा नैनोप्लास्टिक है। ये खुलासा प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेस जर्नल में छपा है। कोलंबिया क्लाइमेट स्कूल के लैमोंट-डोहर्टी अर्थ ऑब्जरवेटरी के एनवायरमेंटल केमिस्ट और इस स्टडी के सह-लेखक बीझान यान ने कहा कि पहले हम इस तरफ ध्यान ही नहीं देते थे। लेकिन अब पानी के जहरीले होने पर स्टडी मौजूद है। फैक्ट मौजूद है।

## सिद्धू की अनुशासनहीनता पर पंजाब कांग्रेस सख्त

**चंडीगढ़,10 जनवरी।** पार्टी मामलों के नए नेता देवेन्द्र यादव के इस दावे के बावजूद कि कांग्रेस एकजुट है, पंजाब कांग्रेस में गुटबाजी समस्याएं पैदा हो रही हैं। मंगलवार को पार्टी मामलों के प्रभारी देवेन्द्र यादव के साथ शुरुआती बैठक के दौरान पार्टी नेताओं के बीच एकजुट रुख की कमी साफ दिखी। पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी और पूर्व पीसीसी चीफ नवजोत सिंह सिद्धू समेत एक दर्जन से ज्यादा नेता बैठक से दूर रहे। देवेन्द्र यादव इस समय आप के साथ संभावित गठबंधन को लेकर पार्टी नेताओं के साथ चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने चंडीगढ़ पार्टी बैठक में नवजोत सिंह सिद्धू की अनुपस्थिति पर कड़ी चिंता व्यक्त की। राज्य नेतृत्व के विरोध के बावजूद, सिद्धू ने होशियारपुर में तीसरी रैली को संबोधित किया, जिसकी बैठक में मौजूद वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने आलोचना की, जिन्होंने सुझाव दिया कि पार्टी आलाकमान ऐसे अनुशासनात्मक उल्लंघनों के खिलाफ कार्रवाई करे। अधिकांश नेता कैमरे पर नवजोत सिंह सिद्धू पर टिप्पणी करने से बचते रहे, पीसीसी प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने सार्वजनिक रूप से सिद्धू की आलोचना करते हुए कहा कि पूर्व पीसीसी प्रमुख (सिद्धू) सहित पार्टी में किसी को भी आचार संहिता का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। होशियारपुर में आयोजित एक रैली में नवजोत सिंह सिद्धू ने परोक्ष रूप से अपनी ही पार्टी के नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा, ÷मेरा कोई व्यवसाय या रेत खदान नहीं है। जब 5000-7000 लोग इकट्ठा होते हैं तो असुविधा क्यों होती है? सिद्धू ने पार्टी नेताओं और सत्तारूढ़ सरकार के बीच 75÷25 की व्यवस्था के आरोप दोहराए। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष होने के बावजूद, सिद्धू ने एक पार्टी कार्यकर्ता के रूप में अपनी भूमिका पर जोर दिया और नेताओं से पार्टी की मजबूती के लिए राजनीति के व्यावसायीकरण पर अंकुश लगाने का आग्रह किया।



## 3 महीने से गायब हैं 9.7 करोड़ रुपए कीमत के 1500 आईफोन

**कोलकाता,10 जनवरी।** पिछले सितंबर में पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले में एक चलते ट्रक से 9.7 करोड़ रुपये मूल्य के 1500 आईफोन चोरी हो गए थे। तीन महीने बाद, ट्रांसपोर्ट कंपनी यह आरोप लगाते हुए मामले को कोलकाता उच्च न्यायालय में ले गई है कि बंगाल पुलिस ने चोरी की जांच में पर्याप्त कार्रवाई नहीं की है। याचिकाकर्ता के मुताबिक मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है.

उन्होंने जिला पुलिस पर निर्भर रहने के बजाय सीआईडी जांच का आग्रह किया है। हालाँकि, पश्चिम बंगाल पुलिस ने निष्क्रियता के दावों का खंडन किया, जिसमें उल्लेख किया गया कि चोरी हुए कुछ आईफोन का नई दिल्ली में पता लगाया गया है और वे काम कर रहे हैं। उन्होंने लगातार जांच का आश्वासन दिया। कोलकाता उच्च न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पश्चिम मेदिनीपुर जिले के पुलिस अधीक्षक की निगरानी में गहन और निष्पक्ष जांच का आदेश दिया है। जस्टिस जॉय सेनगुप्ता ने अगली सुनवाई के लिए पुलिस से प्रगति रिपोर्ट की मांग की है।

## विदेशी राइफलों के मुकाबले में डीआरडीओ ने बनाई स्वदेशी राइफल

**नई दिल्ली,10 जनवरी।** रूसी और अमेरिकी राइफलों की दुनिया में अपनी ही पहचान है. दुनिया के ज्यादातर देशों की फौज के पास ये राइफल मौजूद है. भारत के रक्षा अनुसंधान विकास संगठन ने अब इन राइफलों के मुकाबले में स्वदेशी राफइल तैयार की है. संगठन ने 7.62 मिमी कैलिबर की इस राइफल का नाम 'उग्राम' (क्रूर) रखा है. इसे भी पढ़ें ÷ अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भक्तों में जबरदस्त उत्साह, गांवों से शहर तक दीपावली सा त्योहार मनाने की तैयारी रक्षा अनुसंधान विकास संगठन ने 100 दिन के अंदर ही इस स्वदेशी राइफल को तैयार किया है. 'उग्राम' को भारत की नई सैन्य, अर्धसैनिक और विशेष बल की जरूरतों के अनुसार तैयार किया गया है. यह राइफल इंसास से ज्यादा खतरनाक है. इसे आर्मामेंट रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट ने हैदराबाद स्थित निजी फर्म डीवीपा आर्मर के साथ मिलकर तैयार किया है.

'उग्राम' एक 7.62 मिमी कैलिबर राइफल है, जो स्वचलित और एकल दोनों तरह गोली दागती है. यह 500 मीटर में दुश्मन की जान ले सकती है, वहीं 1000 मीटर तक दुश्मन को चोटिल कर सकती है. यह एक मिनट में 600 गोलियां दागती है. इस राइफल का कुल वजन चार किलोग्राम है. इस राइफल की मैगजीन में 20 गोलियां आती हैं.



## आईपीएस शशिमोहन ने बस्तर एसपी का कार्यभार संभाला

**जगदलपुर 10 जनवरी।** बस्तर के पुलिस अधीक्षक का कार्यभार आज श्री शशी मोहन सिंह ने संभाल लिया 2012 बैच के आईपीएस अफसर शशि मोहन सिंह ने आज सुबह 11 बजे पुलिस अधीक्षक बस्तर का प्रभार लिया. पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शशि मोहन सिंह को सलामी दी गई और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग समेत अन्य राजपत्रित अधिकारियों से परिचय के बाद शशि मोहन सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सभी स्टाफ से मुलाक़ात की। शशि मोहन सिंह पिछले 05 वर्षों से सेनानी के पद पर बस्तर संभाग में पदस्थ हैं और पिछले 2 साल से पांचवी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल जगदलपुर के सेनानी के पद पर तैनात हैं 2018 से वे 09वी बटालियन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल दंतेवाड़ा में कमांडेंट का दायित्व संभाल रहे थे शशि मोहन सिंह एक तेज तर्रार पुलिस अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं पिछले 5 साल के कार्यकाल में उन्होंने रायगढ़ में भी बटालियन का कार्य भार संभाला था। एक समय ऐसी स्थिति थी कि वह तीन-तीन बटालियन के सेनानी थे.

## भारत समर्थक शेरिंग की भूटान चुनाव में धमाकेदार जीत

**नई दिल्ली,10 जनवरी।** भूटान में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने देश के संसदीय चुनाव में जीत हासिल की, जिससे पूर्व प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे की सत्ता में वापसी का रास्ता साफ हो गया। टोबगे की पार्टी ने नेशनल असेंबली की 47 में से 30 सीटें जीतीं। एपी की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व सिविल सेवक पेमा चेवांग के नेतृत्व वाली भूटान टेंड्रेल पार्टी ने 17 सीटें हासिल कीं। सत्तारूढ़ डुक न्यामरूप त्शोग्पा पार्टी सहित तीन अन्य दल मंगलवार को हुए दूसरे दौर के मतदान के लिए अर्हता प्राप्त नहीं कर सके। नवंबर में शुरुआती दौर के मतदान में वे चुनावी मुकाबले से बाहर हो गए। भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को टोबगे को चुनाव जीतने के लिए बधाई दी। पीएम मोदी ने एक ट्वीट में कहा कि भूटान में संसदीय चुनाव जीतने के लिए मेरे मित्र शेरिंग टोबगे और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी को हार्दिक बधाई। दोस्ती और सहयोग के अपने अनूठे संबंधों को और मजबूत करने के लिए फिर से मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। दक्षिण एशिया में रणनीतिक प्रभाव की प्रतिस्पर्धा के बीच भूटान में चुनाव के नतीजे भारत और चीन के लिए महत्वपूर्ण हैं। टोबगे, जो पहले 2013 और 2018 के बीच प्रधान मंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं, को भारत समर्थक के रूप में देखा जाता है। पैकेज डील प्रस्ताव डोकलाम सीमा विवाद को सुलझाने का प्रयास है। पैकेज डील, जिसे बीजिंग 1990 के दशक से आगे बढ़ा रहा है, चीन को पश्चिमी भूटान में विवादित क्षेत्रों पर नियंत्रण देगा, जहां डोकलाम स्थित है, बदले में थिम्पू उन क्षेत्रों को सुरक्षित करेगा जिन पर वह उत्तरी सीमा पर दावा करता है। निवर्तमान प्रधान मंत्री लोटे शेरिंग ने चीन के साथ एक सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसमें दोनों देशों के बीच सीमा के परिसीमन और सीमांकन पर एक संयुक्त तकनीकी टीम की जिम्मेदारियों को रेखांकित किया गया।



## कैदियों से सप्ताह में दो बार ही मिल सकेंगे परिजन-वकील

**नई दिल्ली ,10 जनवरी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 2018 दिल्ली जेल नियमों के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया, इसमें परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, दोस्तों और कानूनी सलाहकारों द्वारा कैदी से मिलने की संख्या की सीमा तय की गई है। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने उठाए गए मुद्दे को नीतिगत मामला बताते हुए कहा कि वह पिछले साल फरवरी में पारित दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि कुल दौरे की संख्या को सप्ताह में दो बार सीमित करना पूरी तरह से मनमाना नहीं कहा जा सकता है। तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश एस.सी. शर्मा और सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा था।

# एक नजर

## शासन की योजनाओं का लाभ अच्छे से मिले लोगों को मेरी प्राथमिकता:सीईओ नायक

**कवर्धा, 10 जनवरी।** सहसपुर लोहारा के सीईओ आर एस नायक ने तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा



करते हुए कहा की विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव गांव में शिविर लगाए जा रहे है जिसका मुख्य उद्देश्य है केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अच्छे से लोगो को मिल रहा है या नही इसकी जानकारी ली जा रही है और लोगो को जानकारी दी जा रही है जिससे की केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अच्छे से मिले जिसके लिए अधिकारी कर्मचारी पूरी गंभीरता से ध्यान दे रहे है । पीएम आवास निर्माण पर भी विशेष फोकस है । और हितग्राही को सुंदर एवं स्वच्छ आवास मिले जिससे लोग अच्छे से सुंदर आवास में रहे । खास बात देखा गया की लगातार मीटिंग लेते हुए सीईओ नायक दिखे जिससे की केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अच्छे से लोगो को मिले । सहसपुर लोहारा जनपद में बेहतर स्वच्छता दिखी गई । उद्देश्य के सवाल पर सीईओ आर एस नायक ने तरुण छत्तीसगढ़ से कहा की शासन की योजनाओं का लाभ अच्छे से लोगो को मिले यह मुख्य उद्देश रहता है और गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य हो जिस पर हमेशा फोकस रहता है ।

## पत्नी से विवाद के बाद पति ने की खुदकुशी

**भिलाई, 10 जनवरी।** भिलाई पत्नी से विवाद के बाद पति ने खुद को कमरे में बंद कर अपना गला लिया। घटना की जानकारी के बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी जान बच गई वर्तमान में उस व्यक्ति का इलाज जारी है पुलिस ने बताया कि जामुल निवासी किशन निर्मलकर का सुबह उसकी पत्नी से विवाद हो गया था दोंनों के बीच मारपीट हुई मारपीट में किशन की पत्नी के सिर पर चोट लगी तो वो अपना इलाज करवाने के लिए अस्पताल चली गई वहीं किशन ने खुद को घर में बंद कर लिया। पड़ोसियों को मामला संदिग्ध लगा तो उन्होंने डायल 112 पर फोन कर इसकी जानकारी दी, जिसके बाद डायल 112 में तैनात सिपाही रूपनारायण और चालक नागेश्वर मौके पर पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद था तो उन्होंने दरवाजे को तोड़ा और अंदर गए अंदर किशन लहू लुहान हालत में पड़ा हुआ था। उसने अपना गला काट लिया था पुलिस की टीम ने उसे फौरन अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है ।

## गांजा ले जाते 3 युवक गिरफ्तार

**भिलाई,10 जनवरी।** भिलाई नगर थाना क्षेत्र



सेक्टर 9 एमडी चौक के पास अवैध रुप से गांजा परिवहन करते तीन आरोपियों को भिलाईनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 किलो गांजा एवं घटना मे प्रयुक्त वाहन जब्त किया है पुलिस ने बताया कि बोरसी तरफ से तीन व्यक्ति एक दोपहिया वाहन में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बिक्री करने के लिए परिवहन करते सेक्टर 9 की ओर आ रहे हैं सूचना पर भिलाईनगर टीआई मनोज प्रजापति के नेतृत्व में टीम ने एमडी चौक सेक्टर 9 के पास पहुंचकर घेराबंदी कर दीपक हियाल (23 वर्ष) निवासी सर्वेंट क्वार्टर सेक्टर 9, पवन सोना (21 वर्ष) निवासी रायपुर नाका चर्च के पास व जसवंत तांडी उर्फ जस्सु (21 वर्ष) निवासी क्वार्टर नं. 10 बी सड़क 6 सेक्टर 09 को पकडकर पूछताछ किया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर लिया है ।


## नशीली दवा बेचने वाला पकड़ाया

**भिलाई,10 जनवरी।** भिलाई सुपेला थाना



क्षेत्र स्थित घड़ी चौक के पास कार में बैठ नशीली दवाइयों को बेचने वाले एक युवक को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 320 कैप्सूल व कार जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है सुपेला पुलिस ने बताया कि एक युवक कार में घड़ी चौक सुपेला सेक्टर जाने वाला मार्ग के पास युवकों को अवैध रुप से नशीली दवाइयां बिक्री कर रहा है। सूचना पर सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर संदेही को घेराबंदी का पकड़ा गया। संदेही से नाम पूछने पर अपना नाम विकास ठाकुर (25 वर्ष ) निवासी क्वार्टर नंबर 2-बी सड़क- 37/सी सेक्टर-7 का रहने वाला बताया आरोपी के कब्जे से कार में रखे एक हरा रंग के झोले में 40 नग रेपर कुल 320 औषधि स्पासकोर वोन प्लस कैप्सूल एवं बिक्री रकम कुल कीमती 1,58,950 रूपये जब्त किया है ।

## 21 लाख के लोन बकायेदार पर की जा रही कार्रवाई



**भिलाई, 10 जनवरी।** कलेक्टर आदेश के बाद मंगलवार को खरसिया तहसीलदार के द्वारा स्वयं उपस्थित होकर के कब्ज़ा दिलाया गया। इस पूरी कार्रवाई में एनफोर्समेंट डायरेक्टर सूर्यकांत यादव, शैलेंद्र शर्मा, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, माल जमादार छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की तरफ से क्षेत्रीय कार्यालय से आलोक कुमार, शाखा प्रबंधक अमरजीत शर्मा, शशांक शर्मा एवं थाना खरसिया से पुलिस बल उपलब्ध थे जिसमें ताले को मशीन के द्वारा कट करके खोला गया एवं बैंकों को कब्जा दिलाया गया एवं स्व. पाना देवी अग्रवाल एवं अन्य के द्वारा लगभग 21 लाख का लोन बकाया था

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में 82152 ग्रामीणों ने उत्साह से लिया भाग

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,10 जनवरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन जिले के दुरस्थ एवं अंतिम छोर तक बसे गांवों के निवासियों तक पहुंचकर शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर रही है। ग्राम पंचायतों में जागरूकता वैन एवं शिविर के माध्यम से हितग्राहियों को जानकारी प्रदान करने के साथ मौके पर लाभन्वित भी कर रही है। इन शिविरों में ग्राम के निवासी बड़ी संख्या में भाग लेकर केन्द्र सरकार की योजनाओं के माध्यम से कृषि के नवीन तकनीकों से अवगत हो रहे है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाना, भविष्य की सुरक्षा के लिए जागरूक होकर सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना तथा स्वास्थ्य के लिए टीबी जांच, सिकल सेल जांच के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए रूझान दिखाया है। नागरिक मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से शासकीय योजनाओं के लाभ से उनके जीवन में होने वाले सकरात्मक परिवर्तन के बारे में अपने अनुभव भी साझा कर रहे हैं। शिविरों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण जन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हो रहे हैं।

कबीरधाम जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ 16 दिसम्बर 2023 से किया गया था। अब तक विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाईल वैन 208 ग्राम पंचायतों तक पहुंच चुकी है। विकासखंड बोड़ला में 48, कवर्धा में 47,



पंडरिया में 66 और लोहारा में 47 शिविर का आयोजन किया जा चुका है। जिले में प्रत्येक दिन 12 शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन शिविरों में अब तक 82 हजार 152 ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया है। जिसमें 42 हजार 626 महिलाओं और 39 हजार 228 पुरूषों की भागीदारी रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में अब तक 667 नागरिकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं 456 लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से लाभान्वित किया गया है। 147 ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत में शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इस यात्रा से जनसामान्य को अपने ग्राम पंचायत में ही स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सुविधा मिल रही है। 67 हजार 704 नागरिकों का सामान्य स्वास्थ्य जांच, 50 हजार 208 टीबी और 16 हजार 148 सिकल सेल जांच किया गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 3 हजार 590 महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। यात्रा के दौरान धरती कहे पुकार कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को जैविक खेती के महत्व को बताया जा रहा है और जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत 2 हजार 660 लाभार्थियों द्वारा शासकीय योजनाओं से उनके जीवन में होने वाले सकरात्मक परिवर्तन के बारे में अपने अनुभव साझा किए गए हैं। खेल के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए 2 हजार 395 खिलाडियों को माई भारत वैलिंटियर बनाया गया है। वैज्ञानिक पद्धति से खेती-किसानी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 43 ग्राम पंचायतों में ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही 121 स्थानों का मृदा परीक्षण किया गया। इस कार्यक्रम में 298 जनप्रतिनिधि एवं अतिथि उपस्थित हो चुके है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा:पटेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 10 जनवरी।** कवर्धा जनपद पंचायत के लालपुर ग्राम पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक एवं पूर्व जिला पंचायत के अध्यक्ष संतोष पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित किया एवं मोदी जी की गारंटी के तहत लोगों को संकल्प यात्रा के तहत लोगों को शासन की योजनाओं की सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए भी कहा। विकसित भारत संकल्प यात्रा की कार्यक्रम में सभी विभागों के द्वारा इनस्टॉल लगाकर लोगों को सरकारी कामकाज की सुविधा भी दी जा रही है इनकी भी जानकारी दी एवं जो जिला एवं जनपद स्तर पर जाकर काम कराना होता है उनको ग्राम पंचायत के माध्यम से ही विकसित भारत संकल्प यात्रा की कार्यक्रम में लाभ उठाने के लिए आह्वान भी किया विकसित भारत संकल्प यात्रा में दो लोगों को गैस भी प्रदान किया । संतोष पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री जी के जन कल्याणकारी योजना जो मोदी जी की गारंटी है उसको लोगों को अवगत कराया तथा लोगों की जुबानी प्रधानमंत्री मोदी जी के योजनाओं से लाभान्वित लोगों से रूबरू हुए स्वयं स्थानी लोगों के द्वारा मुख्य अतिथि को प्रधानमंत्री मोदी जी के योजना से क्या-क्या लाभ प्राप्त किया यह भी बताएं गए।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष मनीराम साहू उपस्थित थे जिन्होंने मोदी जी की गारंटी को पूरा करने वाली सरकार विष्णु देव साय सरकार का तारिफ किया जो कि अभी वर्तमान में मोदी की गारंटी के तहत अनेक योजनाओं पर हस्ताक्षर कर मोदी की गारंटी को साबित कर दिया यह लोगों को अवगत कराया साथ में किसान मोर्चा के महामंत्री रामविलास चंद्रवंशी जिला भाजपा आईटी सेल की सहसंयोजक सतराम साहू ग्राम पंचायत लालपुर के सरपंच पंच गण एवं गणमान्नीय जन माताएं विभाग अधिकारी एवं स्कूली छात्र-छात्राओं भी उपस्थित थे।

**निमंत्रण**



## अयोध्या से आए हुए अक्षद और निमंत्रण पाकर ठाकरे परिवार हुआ मुग्ध

**कवर्धा।** राम भक्तो के द्वारा अयोध्या से आए हुए अक्षद और निमंत्रण पाकर हुए गृह निवास पर ठाकरे परिवार मुग्ध हुए और ठाकरे परिवार ने कहा की जय श्रीराम और अवश्य 22 तारीख को घर में दिया जलायेगे ।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा दिवस 22 जनवरी को अवकाश घोषित करने ज्ञापन सौंपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 10 जनवरी।** दुर्ग पांच सौ साल बाद हिंदुओं के आराध्य प्रभु श्री राम अपनी जन्म स्थलि अयोध्या में पुनः विराजित होने जा रहे हैं। भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 22 जनवरी सोमवार को श्री राम की नगरी अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव निर्धारित है जिस हेतु व्यापक तैयारियां देश भर में चल रही है ।इस महोत्सव को लेकर पूरा छत्तीसगढ़ प्रदेश भी अति उत्साहित है ।खासकर हिंदू धर्म और सनातन संस्कृति के मानने वाले इस दिवस की तैयारियां दिवाली की तरह कर रहे है ।इस दिवस प्रदेश भर के शासकीय दफ्तरों व शासकीय तथा निजी सभी शिक्षण संस्थाओं में शासकीय अवकाश घोषित किए जाने की मांग राष्ट्रीय हिंदू संगठन ने की है । राष्ट्रीय हिंदू संगठन की एक ही मंशा है की प्रत्येक हिन्दू और राम भक्त इस महोत्सव का खुलकर आनंद ले,इस ऐतिहासिक पल के प्रत्यक्ष गवाह



बने और अपने प्रभु श्री राम की प्रतिमा को उनकी मूल नगरी अयोध्या में प्रतिष्ठित होने की खुशिया अपने परिवार के साथ रहकर मना सके, क्योंकि यह अवसर दुबारा नही आयेगा और वो सारे हिन्दू इस वक्त के साक्षी बनने जा रहे है की उनकी उपस्थिति में यह धर्ममयी आयोजन हो रहा है। इस हेतु देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के नाम राष्ट्रीय हिंदु संगठन ने जिलाधीश दुर्ग को ज्ञापन सौंपा है तथा प्रार्थना की है की 22 जनवरी सोमवार को शासकीय अवकाश घोषित कर सभी को खुशियां मनाने का अवसर केंद्र तथा प्रदेश सरकार प्रदान करे। राष्ट्रीय हिंदू संगठन दुर्ग जिला ने जिलाधीश दुर्ग के टीएल बैठक में व्यस्त होने के कारण अधिक्षक दुर्ग नंदकिशोर नेताम को ज्ञापन सौंपा, ज्ञापन सौंपने वालों में राष्ट्रीय हिंदू संगठन के प्रदेश सह प्रभारी सतीश पारख, जिला अध्यक्ष शशि शेखर सिंह,रवि कुमार विद्यार्थी - दुर्ग जिला प्रभारी, अभय नेवलकर- जिला सचिव , सैलेंद्र सन्नी - जिला उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी- जिला महामंत्री सहित दिनेश चंद्राकर ,रानू धनकर उपस्थित थे।

## मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में जल आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई, 10 जनवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी अनुभाग द्वारा, जयंती स्टेडियम के पीछे की तरफ पूर्व क्षेत्र में जल आपूर्ति हेतु, 30 इंच व्यास की मुख्य पाइप लाइन में लीकेज की समस्या पाई गई है। जिसका अविलम्ब अनुरक्षण कार्य करने के लिए, 10 जनवरी 2024 को शटडाउन कार्य लिया गया है। इस कार्य को सम्पादित करने हेतु, मरोदा जल शोधन संयंत्र से पूर्व क्षेत्र की सभी पेय जल सप्लाई लाइनों को बंद करने की आवश्यकता है। अतः दिनांक 10 जनवरी 2024 (बुधवार) को सेक्टर-1 सड़क क्रॉस स्ट्रीट, सड़क संख्या 1 से 25, सेक्टर-4 की सड़क संख्या 1 से 16 एवं सड़क ई.एम.आर का पानी की आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

# बेटियों का सर्वांगीण विकास और सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है:सीईओ

**कवर्धा, 10 जनवरी।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं के सुरक्षा-बचाव एवं सशक्तिकरण के लिए ''बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं'' योजना अंतर्गत् 09 से 13 जनवरी 2024 तक शासकीय राजमाता विजियाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संदीप कुमार अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सीईओ श्री अग्रवाल कहा कि बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना आज के समय की तत्कालीन जरुरत है, क्योकि देश एवं समाज में बालिकाओं की रक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के बिना, विकास की किसी भी कीमत पर संभव नही है। महिलाएं देश की लगभग आधी जनसंख्या को अधिकृत करती है, इसलिए उनकी रक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण की नितांत आवश्यकता है। ''बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं'' योजना बालिकाओं के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योजना है, यह योजना तभी सफल हो सकती है जब ये हमारे द्वारा समर्थित हों। बिटियों की सर्वांगीण विकास और आत्मसम्मान की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आनंद तिवारी एवं श्री सी एल भुआर्य के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में आयोजित किया गया। संरक्षण अधिकारी सुश्री नितिका डड़सेना ने महिला एवं बाल विकास विभाग के चल रहे योजना के बारे में अवगत कराया।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिवस में कबीरधाम जिले से कुल 185 बालिकाओं ने कराते का प्रशिक्षण प्राप्त किया। कबीरधाम की बेटियों को पुलिस विभाग के श्री आकाश राजपूत पुलिस एवं मास्टर ट्रेनर कराते एवं उनके टीम से श्री मनीष निषाद ब्लैक बेल्ट एवं नेशनल प्लेयर कराते, सुश्री कुमुद मिश्रा ब्लैक बेल्ट एवं नेशनल प्लेयर क्ते द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में श्री सत्यनारायण राठौर, जिला बाल संरक्षण अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कबीरधाम द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम मे श्री लवन सिंह कंवर एवं अन्य प्राध्यापकगण शासकीय राजमाता विजियाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा, श्रीमती विवेका हैरिस परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कवर्धा, श्री सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं समस्त आईसीपीएस टीम, श्रीमती पायल पांडे पर्यवेक्षक, श्रीमती मनीषा चंद्रवंशी पर्यवेक्षक, श्रीमती सतरुपा सोनी पर्यवेक्षक, सुश्री मिलापा श्याम पर्यवेक्षक, सुश्री मोनिका दुबे पर्यवेक्षक, श्री महेश निर्मलकर परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्प लाइन, सखी वन स्टॉप सेंटर कवर्धा से श्रीमती विभा बक्शी, श्रीमती मधु भट्ट, स्कूल एवं कॉलेज, कवर्धा शहर के अन्य नागरिक गण उपस्थित थें।

## ब्रम्हाकुमार ने चित्त को शांत करने के उपाय बताए

**भिलाई, 10 जनवरी।** श्रेष्ठ कर्म से निश्चिन्त रहेंगे धन से नहीं अथॉरिटी के बोल में स्नेह समाया हुआ हो अथॉरिटी के बोल प्यारे नहीं लेकिन प्रभावशाली होते हैं जो जीवन बदलते हैं। उक्त उद्गार अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से पधारे पीस ऑफ़ चैनल के सुप्रसिद्ध शो ÷समाधान÷ के ओजस्वी वक्ता तपस्वीमूर्त राजयोगी ब्रह्माकुमार सूरज भाई जी ने दो दिवसीय मौन तपस्या कार्यक्रम ÷व्यक्त से अव्यक्त की ओर÷ के पहले दिन सेक्टर 7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में कही। ब्रह्माकुमार सूरज भाई जी ने चित्त को शांत करने के उपाय बताते हुए कहा कि जो चित्त को शांत करना सीख ले जो वह ज्ञानी आत्मा है, उलझाने वाली बातें, व्यक्ति तो रहेंगे जीवन में जो थोड़ी बहुत कसर रही है उसे आज हमारे नए परिवार के सदस्य मोबाइल ने पूरी कर दी है 7 चिंता नहीं श्रेष्ठ चिंतन करेंगे तो चित्त शांत होगा। कर्म सिद्धांत का अटल सिद्धांत है जिसने जो किया है उसे उसकी फल की प्राप्ति आज नहीं तो कल अवश्य मिलेगी इस धारणा से चित्त शांत रखिए7 चित्त को शांत करने के लिए क्षमादान करे। तीनों लोकों का सबसे बड़ा दान क्षमादान है, बड़ी सोच वाले, बड़ी दिलवाले, ही क्षमा कर सकते हैं। जितना मन शांत एकाग्र है जीवन उतना सुख शांति से भरपूर होगा। मन छोटी-छोटी बातों में विचलित हो रहा है, मैं और मेरे पन को समाप्त करना पड़ेगा जो जीवन में विघ्न बनकर हमारे सफलता के मार्ग को रोक रही है। साक्षी भाव का अर्थ बताते हुए आपने कहा कि जीवन के खेल को साक्षी होकर देखें, घटना का प्रभाव हमारे मन पर ना हो। आपने दुआओं के महत्व को स्पष्ट करते हुए बताया की आने वाले समय में धन दौलत नहीं लेकिन दुआओं के दौलत की डिमांड बढ़ेगी, दुआ मुख से नहीं दिल से निकलती है ।

तब जीवन में रंग लाती है। जिस दिन मन में व्यर्थ, अशुभ,निगेटिव खत्म हो जाएगा उसी क्षण जीवन में शुभ-लाभ प्रारंभ हो जाएगा। अपनी भूलों को

# आईएमए के डॉ राजू भैसारे अध्यक्ष एवं डॉ संतोष नशीने सचिव निर्वाचित

**भिलाई, 10 जनवरी।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन दुर्ग शाखा के अध्यक्ष पद हेतु डॉ राजू भैसारे एवं सचिव पद हेतु डॉ संतोष नशीने निर्वाचित किये गए। वर्तमान में डॉ संतोष नशीने एवं डॉ राजू भैसारे, भिलाई इस्पात संयंत्र के सेक्टर 9 स्थित, प. जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केन्द्र में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। कार्यभार संभालने के पश्चात अध्यक्ष एवं सचिव ने एक संयुक्त बयान में कहा, कि हम सभी चिकित्सक मिलकर प्रयास करेंगे कि समस्त नागरिकों को व्यवस्थित चिकित्सा मिले। हम सरकार द्वारा प्रारंभ किए गए हेल्थ वेलनेस प्रोग्राम को जगह-जगह तक सुचारू रूप से पहुंचाने का कार्य करेंगे। आईएमए के चिकित्सकों द्वारा गांव में हेल्थ कैंप, स्कूलों, कॉलेजों में, वरिष्ठ नागरिकों के निवास एवं अन्य जरूरतमंदों के बीच जाकर, उन्हें बीमारियों से बचने के उपाय एवं चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराएंगे। आईएमए द्वारा जारी कार्यक्रम को उनके निर्धारित दिनों के अनुसार क्रियान्वित किया जाएगा। चिकित्सकों हेतु सीएमई का आयोजन कर उन्हें आधुनिक चिकित्सा की जानकारी दी जाएगी। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी में, भिलाई इस्पात संयंत्र के





प. जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केन्द्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवांए) डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर, डॉ राजीव पाल सहित डॉ प्रभात पांडे, डॉ अजय गोवर्धन, डॉ शरद पाटणकर, डॉ जेपी मेश्राम, डॉ अजय गुप्ता, डॉ गुरमीत सिंह, डॉ जी एच राजपाल, डॉ नचिकेत दिक्षित, डॉ अमित अग्रवाल, डॉ ए पी सावंत, डॉ रवि शुक्ला, डॉ आर के चैबे, डॉ जी एस भाटिया, डॉ अर्चना चैहान, डॉ अनिल अग्रवाल, डॉ आर के मल्होत्रा, डॉ बी एस भाटिया, डॉ नेमी चोपड़ा, डॉ जय तिवारी, डॉ बसंत वर्मा, डॉ आदित्य मेथी, डॉ अरशद सिद्दीकी, डॉ राजीव चंद्राकर, डॉ जीवन लाल गिड़ले, डॉ लता देवांगन, डॉ राजेश सिन्हा, डॉ संगीता सिन्हा, डॉ दीपक वर्मा, डॉ अनुराग दिक्षित, डॉ रितेश वाल्मिक, डॉ आर बिशोई एवं डॉ मनप्रीत भाटिया शामिल है। आईएमए के निर्वाचित सभी चिकित्सकों ने अपने पदों के अनुरूप सामाजिक कार्य करने की शपथ ली।

## नंदिनी माइंस में लोक कला महोत्सव का रंगारंग आयोजन



भिलाई, 10 जनवरी। भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग एवं नंदिनी माइंस के तत्वावधान में 8 जनवरी को नंदिनी माइंस में लोक कला महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार उपस्थित थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी ने की। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने अपने संबोधन में इस आयोजन की भरपूर सराहना करते हुए कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र हमेशा ही लोक कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए आया है तथा सीएसआर विभाग के माध्यम से लोक कला को जीवंत रखने का यह प्रयास आगे भी जारी रखा जाएगा। कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि गीत संगीत हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है एवम छत्तीसगढ़ की पावन धारा में लोक कलाकारों का एक अभिन्न स्थान है। इन लोक कलाकारों ने अपने कला से न केवल प्रदेश बल्कि देश-विदेशों में भी अपना अभिन्न स्थान बनाया है। कार्यक्रम का आरंभ राउत नाचा महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त राउत नाचा मंडली की प्रस्तुति से हुआ। ग्राम तेलगा के अखाड़ा मंडली द्वारा हैरतअंगेज कारनामों का प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ के संगीत सम्राट दिलीप षड़ंगी के समूह द्वारा सुमधुर संगीत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी कैलाश मल्होत्रा, महाप्रबंधक एस के सोनी, महाप्रबंधक पी एक्का, उप प्रबंधक एस के नायक सहित नंदिनी माइंस के विभिन्न अधिकारी एवं कार्मिकगण उपस्थित थे। संचालन राष्ट्पति पुरस्कार से सम्मानित लोक गायिका सुश्री रजनी रजक ने किया। महाप्रबंधक शिवराजन ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम में आए हुए सभी सम्मानित कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## चयनित लोगों को नियुक्ति पत्र दिलाने की मांग



**भिलाई, 10 जनवरी।** रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत प्रशिक्षण अधिकारी भर्ती के चतुर्थ चरण के पात्र चयनित अभ्यर्थियों एवं प्रथम,द्वितीय, तृतीय चरण और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा आरक्षित पद के रुके हुए पात्र चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति पात्र प्रदान करने हेतु छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित विधानसभा अध्यक्ष एवं भूतपूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह जी और संचालक तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग विकास डॉ प्रियंका शुक्ला जी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है! विधानसभा अध्यक्ष और संचालक महोदया जी द्वारा आश्वासन दिया गया है!कि जल्द ही इस पर कार्यवाही कर नियुक्ति पत्र प्रदान की जाएगी। अभ्यर्थियों द्वारा यह भी बताया गया कुछ दिनों पूर्व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा( तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभागीय मंत्री)कों भी ज्ञापन सौंपा गया था। और जल्द से जल्द नियुक्ति पत्र प्रदान करने हेतु मांग की गई थी जिसमें यह भी बताया गया कि प्रशिक्षण अधिकारी 920 पदों की भर्ती मई 2023 से प्रक्रियाधीन है!प्रथम, द्वितीय,तृतीय चरण और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा आरक्षित पद के कुछ पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देना शेष है। तथा चतुर्थ चरण के पात्र अभ्यर्थियों की छ्ड्ढ्रष्ट हो चुकी है। और नियुक्ति पत्र देना बाकी है। तत्कालीन समय में इस राज्य में आचार संहिता लगने के कारण नियुक्ति पत्र नहीं दिया गया है। प्रशिक्षण अधिकारी भर्ती के पात्र अभ्यर्थियों ने छत्तीसगढ़ के विधानसभा अध्यक्ष और संचालक डॉ.प्रियंका शुक्ला जी से मुलाकात कर जल्द से जल्द नियुक्ति पत्र प्रदान करने हेतु गुहार लगाई है।

संपादकीय

## बैठक के बाद बैठक पर कोई ठोस फैसला नहीं

विपक्ष की बड़ी सफलता यह है कि उसने नाम को एक गठबंदन बना लिया है। उसकी बड़ी असफलता यह है कि उसके बाद वह कोई ठोस फैसला ही नहीं कर पा रहा है। बैठको के बाद बैठकें हो रही है। हर बैठक में कोई फैसला हो न हो यह फैसला जरूर होता है कि हम फिर बैठक करेंगे। बैठक की तारीख बता दी जाती है, देश को आश्वस्त किया जाता है कि अगली बैठक में जरूर कोई फैसला सीट शेयरिंग, समान कार्यक्रम, संयोजक, पीएम फेस पर हो जाएगा। सबसे ज्यादा जरूरी यह तय करना है कि कौन सा दल किस राज्य में कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा।यह बात सभी विपक्षी राजनीतिक दल जरूर कहते हैं कि भाजपा को तब ही हराया जा सकता है जब देश की सभी लोकसभा सीटों पर भाजपा के सामने एक ही प्रत्याशी हो। इसके लिए जरूरी है कि सभा राजनीतिक एक बैठक में यह तय कर लें कि कौन सा दल किस राज्य में कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगा। सीट शेयरिंग के लिए बैठकें तो दलों के बीच हो रही हैं लेकिन बैठक में कोई फैसला नहीं हो पा रहा है। पं.बंगाल में दलों की कोई बैठक नहीं हुई है और ममता बैनर्जी ने यह कहकर विवाद शुरू कर दिया है कि वह कांग्रेस तो दो ही सीटें देंगी। कांग्रेस का कहना है कि दो सीटें तो वह पं बंगाल में जीती है,उसने ममता से सीटें नहीं मांगी है, ममता कौन होती है सीटें देने वाली। इसी तरह यूपी में कांग्रेस ने बसपा को साथ लेने को लेकर नया विवाद शुरू कर दिया है। कांग्रेस का कहना है कि यूपी में भाजपा को हराना है तो बसपा को साथ लेना जरूरी है। यूपी के बारे में अखिलेश का मत है कि यूपी में कांग्रेस की कोई हैसियत नहीं है, इसलिए यहां कौन कितनी सीटों पर लड़ेगा इसका फैसला वह कैसे कर सकती है, यहां सीटों का फैसला सपा करेगी। सपा कांग्रेस, रालोद के साथ तो चुनाव लडने के लिए तैयार है लेकिन बसपा से साथ चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। बसपा की अपनी शर्त है कि कांग्रेस उसे साथ लेना चाहती है तो वह उसके विधायक तोड़ने के लिए वह बसपा से माफी मांगे तथा दलित पीएम गठबंधन चाहता है तो इसके लिए मायावती का नाम की घोषणा करें। वहीं कांग्रेस व आप के बीच दिल्ली में दिल्ली व पंजाब की सीटों को लेकर चर्चा हुई है लेकिन कोई फैसला नहीं हुआ है। यहां आप ने शर्त रखी है कि वह दिल्ली में कांग्रेस को सीट दे सकती है लेकिन बदले में कांग्रेस को उसे राजस्थान,गुजरात,गोवा में सीट देनी होगी। आप की पंजाब इकाई व कांग्रेस की पंजाब इकाई तो आपस में ही तय कर चुके हैं यहां दोनों के बीच कोई तालमेल नहीं हो सकता। बिहार में नीतीश कुमार इस बात पर अड़ गए हैं कि वह बिहार में 17 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। यह गठबंधन किसी को कोई सीट देना चाहता है तो वह राजद अपने कोटे से दे। राजद भी 17 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहता है। इस तरह 36 सीटे तो राजद व जदयू ले लेना चाहते हैं, ऐसे में कांग्रेस व वामपंथी दलों को सीटें नहीं मिलती हैं। नीतीश कुमार कांग्रेस,राजद से इसलिए नाराज हैं कि वह उनको संयोजक नहीं बनने देना चाहते हैं। अब वह कह रहे हैं कि वह इंडी गठबंधन का संयोजक ही नहीं बनना चाहते हैं। वह जानते हैं कि सहमति उनके नाम पर जितनी आसानी से बन सकती है, किसी और के नाम पर नहीं बन सकती। कोई नाम सामने आता है तो उसका नीतीश कुमार व लालू ही विरोध करेंगे। लालू इस बात से नाराज हैं कि नीतीश कुमार राज्य छोड़ नहीं रहे हैं, इससे तेजस्वी का सीएम बनना रुका हुआ है। कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है लेकिन वह बड़े होने की कोई जिम्मेदारी नहीं निभा रही है। वह खुद सबसे ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ने का मन बना रही है तथा विपक्षी दलों से बात किए बगेर ही वह कह रही है कि वह ज्यादा से ज्यादी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यानी विपक्षी एकजुटता के लिए बैठके तो कई हो चुकी हैं लेकिन कोई ठोस फैसल नहीं हो सका है। वहीं भाजपा की तैयारी जोर शोर से चल रही है। पीएम मोदी खुद सक्रिय है और उसके राष्ट्रीय पदाधिकारी भी सक्रिय हैं। राहुल गांधी न्याय यात्रा निकालना चाहते हैं लेकिन पीएम मोदी ने देश के विभिन्न राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू कर दी है। यह यात्रा गांव गांव पहुंच रही है, ग्रामीणों को मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कुछ ही दिनों में इस यात्रा के जरिए दस करोड़ लोगों को मोदी सरकार से जोडा जा चुका है। यह होता है कि तकनीक का उपयोग कर ज्यादा से ज्यादा से कैसे जुड़ा जा सकता है। इसमें भाजपा कांग्रेस से आगे हैं।

# एनजीओ की गतिविधियों पर नजर समय की मांग

विश्लेषण

डॉ सत्यवान सौरभ



**कोई एनजीओ, जिसके पास पैसे की कमी नहीं है, अपनी मनमर्जी काम करता रहेगा, चाहे वह कानून विरुद्ध ही क्यों न हो। लेकिन ऐसा करने के पहले, वह बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त अधिकारियों, जजों, प्रभावशाली नेताओं आदि को अपने 'बोर्ड या ट्रस्ट' में शामिल कर लेगा। उनका काम कुछ खास नहीं होगा, लेकिन उन्हें मोटा वेतन देगा, जिसे 'प्रशासनिक खर्च' कहा जाएगा। अब अगर कानून उस पर कार्यवाही करने का प्रयास करेगा, तो वह इन सेवानिवृत्त नामचीन लोगों की फौज सामने कर देगा। 'आंखों की शर्म' और 'वरिष्ठों के सम्मान' की दुहाई प्रत्यक्ष-परोक्ष शब्दों में दी जाएगी, और कानून मुंह ताकता रह जाएगा। फिर भी अगर बात न बनी, तो कोई छोटा-मोटा कर्मचारी सारा दोष अपने सिर पर ले लेगा और वास्तविक कर्ताधर्ता साफ बच जाएंगे।**

एनजीओ स्वैच्छिक संगठन हैं, जो सामाजिक उद्देश्य और सामाजिक न्याय की दिशा में काम करते हैं। ये निजी संगठन लोगों का दुख-दर्द दूर करने, निर्धनों के हितों का संवर्द्धन करने, पर्यावरण की रक्षा करने, बुनियादी सामाजिक सेवाएँ प्रदान करने अथवा सामुदायिक विकास के लिये गतिविधियाँ चलाते है। उन्होंने नागरिक समाज में एक महत्वपूर्ण स्थान ग्रहण कर लिया है। गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) भारत के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, खासकर धर्मनिरपेक्षता और नागरिक कल्याण के क्षेत्र में। भारत में, बड़ी संख्या में गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) जातीय और धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रयास करते हैं। धार्मिक या सांस्कृतिक जड़ों की परवाह किए बिना सभी नागरिकों के लिए सहिष्णुता, समझ और समान अधिकारों को बढ़ावा देना, धर्मनिरपेक्षता की वकालत उनका एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। धार्मिक सद्भाव और समझ को बढ़ावा देने के लिए, कई गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) अंतरधार्मिक संवाद और समुदाय-निर्माण कार्यक्रम आयोजित करते हैं।

महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और गरीबी उन्मूलन जैसे क्षेत्रों में सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के माध्यम से, गैर सरकारी संगठन सक्रिय रूप से नागरिकों की भलाई में योगदान करते हैं। उनके समुदाय-आधारित प्रयास अक्सर सरकारी उपायों द्वारा छोड़ी गई कमियों को दूर करते हैं, विशेष रूप से अलग-थलग और वंचित क्षेत्रों में। भारत में मानवाधिकारों पर नज़र रखने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए गैर सरकारी संगठन आवश्यक हैं। वे यह गारंटी देने का प्रयास करते हैं कि लोग कानूनी प्रणाली तक पहुंच सकें, पूर्वाग्रह से सुरक्षित रहें, और राज्य और गैर-राज्य दोनों संस्थाओं द्वारा उल्लंघन से सुरक्षित रहें। एनजीओ के फंडिंग स्रोतों, पारदर्शिता और घरेलू मुद्दों में संदिग्ध हस्तक्षेप के बारे में चिंताओं का हवाला देते हुए, भारत सरकार हाल के वर्षों में उनकी अधिक बारीकी से निगरानी और विनियमन कर रही है। विदेशी अंशदान अधिनियम के तहत अब गैर-सरकारी संगठनों के लिए विदेशी फंडिंग पर अधिक प्रतिबंध हैं, जो उनके संचालन को और अधिक कठिन बना देता है। विदेशी फंडिंग पर कड़े प्रतिबंधों ने कई गैर सरकारी संगठनों की स्थिर वित्तीय स्थिति बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित किया है, जिससे कार्यक्रमों और संचालन को लागू करने की उनकी क्षमता सीमित हो गई है। इसका मुख्य रूप से उन संस्थानों पर प्रभाव पड़ा है जो अपने धन का एक बड़ा हिस्सा विदेशी दानदाताओं से प्राप्त करते हैं। हाल ही में धन शोधन निवारण अधिनियम कानूनों में संशोधन किए गए हैं, जिससे गैर सरकारी संगठनों और राजनीतिक दलों के लिए विदेशी धन तक पहुंच मुश्किल हो गई है। आयकर अधिनियम में संशोधन के माध्यम से नवीनीकरण प्रमाण पत्र को अनिवार्य बनाने से घरेलू फंडिंग भी प्रभावित हुई है। भारत में स्वैच्छिक संगठनों की विदेशी फंडिंग को एफसीआरए अधिनियम के तहत विनियमित किया जाता है और इसे गृह मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। अधिनियम यह सुनिश्चित करते हैं कि विदेशी योगदान प्राप्तकर्ता उस निर्धारित उद्देश्य का पालन करें जिसके लिए ऐसा योगदान प्राप्त किया गया है। अधिनियम के तहत संगठनों को हर पांच साल में अपना पंजीकरण कराना होता है। इसकी आवश्यकता इसलिए हुई कि कोई एनजीओ, जिसके पास पैसे की कमी नहीं है, अपनी मनमर्जी से काम करता रहेगा, चाहे वह कानून विरुद्ध ही क्यों न हो। लेकिन ऐसा करने के पहले, वह बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त अधिकारियों, जजों, प्रभावशाली नेताओं आदि को अपने 'बोर्ड या ट्रस्ट' में शामिल कर लेगा। उनका काम कुछ खास नहीं होगा, लेकिन उन्हें मोटा वेतन देगा, जिसे 'प्रशासनिक खर्च' कहा जाएगा। अब अगर कानून उस पर कार्यवाही करने का प्रयास करेगा, तो वह इन सेवानिवृत्त नामचीन लोगों की फौज सामने कर देगा। 'आंखों की शर्म' और 'वरिष्ठों के सम्मान' की दुहाई प्रत्यक्ष-परोक्ष शब्दों में दी जाएगी, और कानून मुंह ताकता रह जाएगा। फिर भी अगर बात न बनी, तो कोई छोटा-मोटा कर्मचारी सारा दोष अपने सिर पर ले लेगा और वास्तविक कर्ताधर्ता साफ बच जाएंगे। अगर किसी भी बिन्दु पर आपको महसूस होता है कि देश की कार्यपालिका में, विधायिका में, न्यायपालिका में, मीडिया में, राजनीतिक प्रक्रियाओं में विदेशी पैसों से चल रहे एनजीओ का हस्तक्षेप बहुत भारी है, तो आपको सबसे पहले उस एनजीओ को मिले विदेशी पैसे की ओर देखना चाहिए। यही कारण है कि तमाम धरपकड़ और कानूनी सख्ती के बावजूद बहुत सारे गैर-सरकारी संगठन और मिशनरी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल रहे। इन मिशनरियों का व्यवहार कन्वर्जन के कारखानों जैसा है, और दीर्घकालिक उद्देश्य भारतीय समाज में विभाजनकारी रेखाओं को गहरा और चौड़ा करते जाने का है। गैर सरकारी संगठनों (कुछ अपवादों को छोड़कर) का तंत्र इतना ढीठ है कि किसी दंगे में संलिप्तता पकड़े जाने पर भी किसी गैर सरकारी संगठन को लज्जा महसूस नहीं होती। वह सिर्फ चुप्पी साध कर बैठ जाता है और इतने को ही पर्याप्त मान लेता है।

अब स्थिति यह है कि कानून को यह साबित करना पड़ रहा है कि भारत भूमि पर संप्रभुता भारत के कानूनों की है। और यह स्थिति शायद तब तक रहे, जब तक गैर सरकारी संगठनों की भारी-भरकम मशीनरी इन कानूनों में कोई छिद्र नहीं तलाश लेती। यह एक सतत युद्ध है। इसी को दूसरे ढंग से देखिए। दर्जनों एनजीओ विदेशों से इतना चंदा प्राप्त करें, जिसमें किसी भी एक एनजीओ को मिला चंदा बहुत बड़ा न लगे। लेकिन एक बार पैसा भारत पहुंच जाने के बाद वे अपनी रकम को एक बिन्दु पर एकत्रित कर लें। अब यह बड़ा पैसा भी हो जाएगा, विदेश से इसका सीधा संबंध भी नहीं होगा। गैर सरकारी संगठनों द्वारा अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए शिक्षाविदों, कार्यकर्ताओं, सेवानिवृत्त नौकरशाहों से युक्त एक राष्ट्रीय प्रत्यायन परिषद बनाई जानी चाहिए। अवैध और बेहिसाब धन की निगरानी और विनियमन के मामले में गृह और वित्त मंत्रालयों के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए। गैर सरकारी संगठनों और स्वैच्छिक संगठनों की वित्तीय गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एक नियामक तंत्र समय की मांग है। नागरिक आज उन प्रक्रियाओं में सक्रिय भूमिका निभाने के इच्छुक हैं जो उनके जीवन को आकार देती हैं और यह महत्वपूर्ण है कि लोकतंत्र में उनकी भागीदारी मतदान की रस्म से आगे बढ़े और इसमें सामाजिक न्याय, लैंगिक समानता, समावेशन आदि को बढ़ावा देना शामिल होना चाहिए।

## आज का राशिफल

मेष राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने करियर के क्षेत्र में नॉलेज गेन करें. जिससे आप अपने करियर के क्षेत्र की कमियों को दूर करने में सफल हो सके. व्यापार करने वाले जातकों के लिए कल का दिन अच्छा रहेगा. यदि व्यापारी यात्रा पर जाना चाहते हैं तो कल का दिन आपके लिए उपयुक्त नहीं है, इसलिए थोड़ा सा सावधान रहें. कल आप अपनी यात्रा को टालने का प्रयास करें.

वृषभ राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो सरकारी नौकरी वाले जातकों को कल आपके दफ्तर मे ट्रांसफर का लेटर मिल सकता है. आप अपना बोरिया बिस्तर दूसरे स्थान के लिए तैयार करके रखें, आपको कभी भी दूसरे स्थान पर नौकरी ज्वाइन करनी पड़ सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो व्यापारी कल अपने व्यापार में अधिक धन कमाने के लिए किसी अपने के साथ धोखाधड़ी दिखाने का प्रयास न करें. ऐसा करना आपके लिए अच्छा नहीं रहेगा.

मिथुन राशि- कल का दिन थोड़ा सा परेशानी वाला हो सकता है. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो यदि आप अपने कार्यक्षेत्र में किसी की प्रकार की गलतियों को बार-बार दोहराते रहेंगे तो आपके बॉस आपसे परेशान होकर आपका कार्य किसी और को सौंप सकते हैं, इससे आपका मन बहुत अधिक दुखी रहेगी. परंतु आप अपनी गलतियों को सुधारने का प्रयास करें. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो फाइनेंस के व्यापार में कल नये जुड़ सकते हैं, जिससे फाइनेंस का कारोबार और अधिक बढ़ सकता है और आपको कमीशन भी उसी के हिसाब से अधिक मिल सकती है.

कर्क राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको अपनी कंपनी को किसी नए स्थान पर रिप्रेजेंट करना पड़ सकता है, इसीलिए आप अपनी पहले से तैयारी करके रखें, ताकि आपको समय पर परेशानी ना हो. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कपड़ों के व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठान में ग्राहकों की पसंद और ना पसंद का अवश्य ध्यान रखना होगा, क्योंकि फैशन के इस दौर में लोगों की पसंद बहुत तेजी से बदलती है. युवा जातकों की बात करें तो युवा जातक कल अपने मन की बातें अपनी माता-पिता से शेयर कर सकते हैं, इसमें आप किसी प्रकार का कोई संकोच न करें,

सिंह राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपनी डाटा सिक्योरिटी पर पेनी निगाह रखें और लैपटॉप आदि पर भी अपना डाटा सेव रखें. आप यदि कोई चीज भूल गए तो आपकी एक भूल बहुत बड़ा नुकसान कर सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो कल कारोबार में कोई समस्या बहुत बड़ी हो गई है तो आप उसको इलेक्ट्रॉनिक के लिए बहुत अधिक धैर्य रखें. आपके लिए यह बहुत अधिक फायदेमंद रहेगा. कल आपकी मुलाकात आपके किसी पुराने मित्र से हो सकती है, जिससे मिलकर आप बहुत अधिक प्रसन्न रहेंगे.

कन्या राशि- कल अपने दफ्तर में अपने कार्य को पूरा करने के लिए बहुत ही सावधान का प्रयोग करें. आपके कार्य आपकी सजगता से जल्दी ही पूरे हो सकते हैं. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो रेस्टोरेंट के व्यापारियों को कल बहुत अच्छा लाभ मिल सकता है, उनका धंधा बहुत अच्छा चलेगा. लेकिन आप अपने व्यापार में अपने सामान की क्वालिटी पर बहुत अधिक नजर रखें तथा अपने कार्य पर भी ध्यान रखे, वह कुछ गड़बड़ कर सकते हैं. युवा जातकों की बात करें तो अपना कार्य बहुत अधिक अच्छे से करने के लिए अपने मित्रों की सहायता लेनी पड़ सकती है तथा इसमें आपको कामयाबी भी मिल सकती है.

तुला राशि- कल का दिन ठीक-ठाक रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आपको आपके दफ्तर के कार्यों को पूरा करने के लिए बहुत अधिक भाग दौड़ करनी पड़ेगी, आपको किसी भी हालत में कार्य कल ही पूरा करना होगा. व्यापारियों को कल बहुत अधिक लाभ प्राप्त हो सकता है, जिससे आप बहुत अधिक खुश रहेंगे. आपका काम धंधा अच्छे तरीके से आगे बढ़ सकता है. बस आप अपने व्यापार को बढ़ाने के लिए मेहनत करते रहे. आप अपने जीवन मेंआगे बढ़ाने के लिए बहुत अधिक मेहनत करते रहे.

वृश्चिक राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो आपको कल आपके दफ्तर में कठिन काम को करने के लिए अपने अधीन कार्य करने वालों का का सहयोग बहुत लाभकारी सिद्ध होगा. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो सोना चांदी के व्यापारी कल कुछ परेशान नजर आएंगे, उनके कार्य में बहुत अधिक मंदी रहेगी. शादी विवाह के सीजन में आपकी खरीदारी थोड़ी अधिक हो सकती है, इससे आप संतुष्ट रहेंगे.

धनु राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो इंजीनियरिंग क्षेत्र में काम करने वाले जातकों के लिए कल पदोन्नति प्राप्त हो सकती है. आपका वेतन में बढ़ोतरी भी हो सकती है, जिससे आपके परिवार में बहुत अधिक खुशी का माहौल रहेगा. नया साल आपके लिए बहुत अधिक खुशियां लेकर आएगा. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो स्क्रैप से संबंधित व्यापार करने वाले जातकों के लिए कल का दिन बहुत अच्छा रहेगा, वह स्क्रैप के माल को बेचने में बहुत अधिक धन कमा सकते हैं. दूसरे व्यापारियों को भी कल किसी प्रकार की कोई हानि नहीं रहेगी।

मकर राशि- नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो ऑफिशियल कार्य करने वालों को भी कुछ समय और मेहनत करनी होगी, तभी उन्हें पदोन्नति मिल सकती है. आपकी वेतन मे बढ़ोतरी आपके कार्य को देखते हुए हो सकती है. आप इस बात का धैर्य रखिए. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो पैतृक व्यापार करने वाले जातकों के लिए कल थोड़ा सा मेहनत वाला दिन रहेगा. आप अपने व्यापार को फिर से अपडेट करने की प्लानिंग करें, और समय के साथ चले. समय के हिसाब से ही अपने व्यापार में फेर बदल करें.

कुंभ राशि- कल का दिन थोड़ा सावधानी से रहने वाला रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने दफ्तर में किसी कार्य को लेकर बहुत अधिक अलर्ट रहे. ताकि आपके वरिष्ठ अधिकारी आपसे नाराज ना हो. आप अपना सभी कार्य समय पर पूरा करने का प्रयास करें. तभी आपकी पदोन्नति हो सकती है और आपके वेतन में भी बढ़ोतरी हो सकती है. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो यदि आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का बदलाव करना चाहते हैं, तो वक्त के अनुसार करें और इसके लिए अपने परिवार के बड़े बुजुर्गों की सलाह अवश्य ले.

मीन राशि- कल का दिन अच्छा रहेगा. नौकरी करने वाले जातकों की बात करें तो कल आप अपने कार्य से अपने अधिकारियों को प्रसन्न कर सकते हैं. आपके अधिकारी आपके कार्य से प्रसन्न होकर आपका नाम गुड बुक में लिख सकते हैं और आपके वेतन में बढ़ोतरी भी कर सकते हैं, इससे आपके परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. व्यापार करने वाले जातकों की बात करें तो सफलता पाने के लिए व्यापारियों को कल अपने अधीन कार्य करने वालों के साथ में लगा होगा, तभी आपके व्यापार में अधिक कामयाबी मिल सकती है और आप अपनी क्वालिटी पर भी नजर रख सकते हैं. अभी आपका व्यापार अच्छा चल सकता है. युवा जातकों की बात करें .

# देवी-देवता बरसाएंगे फूल

प्रकाश शर्मा

हिन्दुस्तान में शंकराचार्यों का सर्वोच्च स्थान है। सनातनी उन्हें ईश्वरतुल्य मानते हैं। सही मायने में शंकराचार्य किसी भी मान-सम्मान व अपमान से ऊपर उठ चुके होते हैं। मान-सम्मान से वे परे होते हैं। उनकी पूजा की जाती है। सम्मान उनके लिए छोटा शब्द है। रही अपमान की बात तो वे धर्म के इतने ऊंचे आसन व स्थान पर विराजित हैं कि कोई भी अपमान उन्हें स्पर्श तक नहीं कर सकता। जैसे कमल के पत्तों को पानी नहीं भिगा सकता वैसे ही शंकराचार्यों का अपमान इस मानवीय दुनिया में कोई नहीं कर सकता।




अयोध्या में श्री राम मंदिर उद्घाटन व प्राण-प्रतिष्ठा मामले में शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती की आपत्ति व विरोध गैरजरूरी लगता है। पांच सौ वर्षों की लंबी लड़ाई के बाद रामजन्मभूमि के मिलने व इस पर श्री राम जी के मंदिर निर्माण को तो हाथोंहाथ लेना चाहिए। इस पर किसी तरह का विवाद पैदा कर सनातनियों में एकता के रास्ते पर रुकावट लाना नुकसानदायक ही होगा। भव्य राममंदिर के सामने बाकी सभी चीजें व बातें बौनी है। कौन इसका उद्घाटन कर रहा है, कौन पूजा में शामिल होगा ये बातें प्रभु राम की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के आगे गौण है। ऐसी बातें उठाकर खुद को छोटा नहीं करना चाहिए। आम जनता भी ऐसी आपत्तियों को हजम नहीं कर पाती है। वैसे भी राम मंदिर का मामला अन्य देवालयों से अलग है। रामजन्मभूमि पर निर्मित बाबरी मस्जिद को भीड़ द्वारा अप्रत्याशित रूप से ढहाने के बाद लंबी कानूनी लड़ाई में भूमि को जीता गया है। लिहाजा जब पूरे देश में उत्साह का माहौल है और घर-घर राममय हो गया तब इस पर सवाल उठाना ठीक वैसा ही है कि भूखा व्यक्ति इस बात पर आपत्ति करे कि सब्जी में मसाला कम है। यह कहना कि 'मैं ताली बजाने नहीं जाऊंगा' दंभोक्ति की ओर इशारा करता है। किसी एक के ताली बजाने से कुछ भी फर्क नहीं पड़ने वाला। जब राममंदिर का उद्घाटन व भगवान राम की प्रतिमा को विराजित करने की धार्मिक क्रियाएं चल रही होगी उस वक्त निश्चित तौर पर देवलोक में तमाम देवता ताली बजाएंगे और पुष्पवर्षा करेंगे। भले ही कलयुग में ये पुष्प नजर न आए मगर यह तय है कि देवी-देवता भी इस अद्भुत क्षण के साक्षी बनेंगे और फिर देव व मानवलोक में कौन ऐसा होगा जो इस पल का साक्षी नहीं बनना चाहेगा। जो रामभक्त व सनातनी अयोध्या नहीं जा पाएंगे वे टीवी पर दर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुखिया होने के नाते केवल अनुष्ठान में शामिल होंगे। विधिविधान से शास्त्र सम्मत अनुष्ठान तो बड़े-बड़े विद्वान व धर्मशास्त्र के ज्ञाता साधु-संत व पुजारी सम्पन्न कराएंगे। यहां यह भी बताना लाजिमी होगा कि किसी भी धर्मगुरु के स्थान को राष्ट्रपति हो या प्रधानमंत्री कोई भी नहीं ले सकता। धर्मगुरुओं को गैरजरूरी बयान से बचना चाहिए। राम मंदिर को लेकर देश के लोगों में गजब का उत्साह है। और तो और कई मुस्लिमों ने भी राममंदिर की प्रशंसा में कसीदे पढ़े हैं। रामभक्तों को इससे काई मतलब नहीं है कि उद्घाटन कौन कर रहा है और यजमान कौन होगा। जनसैलाब 'मेरे राम' की धुन में मग्न है। फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तो जनमानस प्रभु राम को लाने वाला दूत मान रहा है। हर हृदय में राम है तो हर सनातनी के मन में मोदी है। मंदिर-देवालय जाति-धर्म से उठ चुके हैं। देवी-देवता तो हर किसी के धड़कन में है। चमड़े का काम करने वाले या गंदगी साफ करने वाले के घरों में भी देवी-देवताओं की तस्वीरें और मूर्तियां मिल जाएंगी। गणेशोत्सव पर सभी के घरों में गणेशजी विराजते हैं। ईश्वर ने कहां ऊंच-नीच का भेद रखा है। सभी तो एक ही कारखाने और एक ही कच्चा माल के उत्पाद हैं। सांचा भले ही अलग-अलग हो सकता है। तभी तो मंदिर का शिलान्यास दलित से कराया गया था। भले ही ओबीसी नरेन्द्र मोदी पूजा अनुष्ठान में बैठेंगे लेकिन वैदिक क्रियाएं तो ब्राह्मण विद्वान ही सम्पन्न कराएंगे। इस अनुपम व ऐतिहासिक अवसर पर धर्मगुरुओं का ताली बजाकर जयकारे लगाना देश और मानवहित में होगा। ताली नरेन्द्र मोदी के लिए नहीं बल्कि श्रीरामचन्द्रजी के लिए बजेगी। प्रभु राम का स्वागत व अभिनंदन होगा। समारोह के दौरान धर्मगुरुओं के लिए विशिष्ट स्थान होगा। वे वहां से यजमान को आदेश देंगे। ऐसा सिर्फ साधु-संत कर सकते हैं। अयोध्या में जो अवसर बना है वह अद्भुत है। इसे सिर्फ और सिर्फ श्रद्धा के नजरिए से देखा जाना चाहिए। प्रभु राम के सामने किसी भी विवाद व आपत्ति का कोई स्थान नहीं है। प्रभु तो सच्ची सेवा से प्रसन्न रहते हैं। दशानन को मुक्ति देकर प्रभुराम श्रीलंका से जब अयोध्या लौटे होंगे तो अयोध्यावासी भी अपने-अपने ढंग से स्वागत किए होंगे। असीम उत्साह में किसे विधिविधान या ऊंच-नीच का ध्यान रहा होगा। जहां मर्यादा पुरुषोत्तम राम हों तो वहां सिर्फ राम ही होते हैं। वह स्थान अपने आप पवित्र व पावन हो जाता है। वैसे भी कहते हैं न कि कण-कण में भगवान है। 22 फरवरी को उद्घाटन और प्राण-प्रतिष्ठा है। आओ हम सब मिलकर जहां हैं वहीं से ताली बजाएं।

चिंतन

# धनबल शक्तिशाली पर सत्य के सामने कमजोर

संजीव ठाकुर

यह तो सच बात है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का परिणाम है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा आसमान क्रम में समय-समय पर मूल्यों का स्थापन और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सारस्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है। इसके अनुसार ही परिस्थितियों आवश्यकताओं दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापना ओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकावान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रत्येक को तेजी से बड़ा प्रबल माना गया है। सत के शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम,सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का %सांच को आंच नहीं% जैसी कहावतें और मूल्य जनजीवन में अंतरतम तक समाए हुए है। मुंडक उपनिषद में उल्लेखित ÷सत्यमेव जयते÷ आज भारतीय गणतंत्र का आदर्श वाक्य है, जो भारतीय दर्शन और जीवन की अभिव्यक्ति भी है। यह उल्लेखनीय है कि वैदिक दर्शन से लेकर जैन व बौद्ध दर्शन तक इस्लाम ईसाई धर्मों से लेकर सिख गुरुओं तक सत्य का महत्व और निर्विवाद सर्वोच्च स्थान सर्वमान्य रूप से स्वीकार्य किया गया है।

यूरोप में औद्योगिक क्रांति के बाद तो भोग दर्शन में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए और आर्थिक तत्व का महत्व वैश्विक तथा आंतरिक जीवन का सबसे प्रमुख निर्धारक तथ्य बनने लगा। पश्चिमी देशों में पूंजीवादी, उदारवादी संस्कृति के विकास का प्रभाव पूरे विश्व पर पर्याप्त मात्रा में पड़ा और वैश्विक स्तर पर मूल्यों में नैतिक स्तर पर परिवर्तन आने लगे। आधुनिक युग वैश्वीकरण, उदारीकरण और आर्थिक विकास का युद्ध इस युग में अर्थ अथवा धनबल अपनी अकूत शक्ति के बल पर पूरी सभ्यता व व्यवस्था का केंद्रीय तत्व बनकर उभरा है। धन बल पर आधारित इस युग में स्थिति यह बन गई है कि राजनीति, समाज, धर्म ,अध्यात्म ,अंतरराष्ट्रीय संबंध, पर्यावरण ,ज्ञान विज्ञान ,जीवन दर्शन सभी अर्थ व धन के निर्देशों के अनुरूप ही चलन में आ गए हैं। धन के बल पर आज पारिवारिक संबंधों सामाजिक क्षेत्र में प्रतिष्ठा राजनैतिक शक्ति,संतुलन, आध्यात्मिक स्तर पर प्रभाव नैतिक स्तर पर सहमति एवं अंतरराष्ट्रीय संबंधों को केवल प्रभावित ही नहीं कर रहे हैं अपितु उन्हें लगभग खरीदने की ताकत रखने जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके बावजूद सत्य के मूल्य को और उसकी सार्वभौमिकता को दबाना या शांत करना या उसके दमन के लिए उसे विवश करना लगभग असंभव है। वैश्विक स्तर पर कुछ अमीर देश और मुट्ठी भर धनाढ्य व्यक्ति इस बात को मान्यता देते हैं कि जब ,धन बोलता है तो सत्यम मौन रहता है, पर सार्वजनिक रूप से ऐसा मानना तार्किक स्तर पर जरूर ठीक लगता हो पर दार्शनिक अथवा सांस्कृतिक एवं धार्मिक रूप से यह पूर्ण रूप से असत्य भी है। पारिवारिक सामाजिक स्तर पर भी देखें तो समाज के नैतिक मूल्यों में आई गिरावट के परिणाम स्वरूप सामाजिक प्रतिष्ठा उसी को प्राप्त होती है जिसके पास पर्याप्त तथा अकूत धन हो। धनवान व्यक्ति की विचारधारा उसकी मान्यताओं को समाज महत्व देता है एवं उसे प्रेरणा का स्रोत माना जाता है। निर्धन व्यक्ति कितना भी विद्वान ऊर्जावान हो उसकी बातें सत्य पूर्ण सत्य तथा उदास बातें भी समाज में कई उदाहरणों में महत्वहीन हो जाती है। धन तथा बाहुबल के महत्व के अनेक उदाहरण राजनीतिक स्तर पर प्रतिदिन हमारे सामने आने लगे हैं। राजनीतिक जीवन में धन के बल पर किए जाने वाले भ्रष्टाचार, चुनाव में धांधली, मतदाताओं की खरीद-फरोख्त, पार्टियों पर अनुचित प्रभाव मीडिया चैनल न्यूज़ प्रिंट मीडिया आदि की खरीदारी सत्य के मूल्यों पर प्रश्नचिन्ह लगा देते हैं। राजनेता मीडिया समूहों से सांठगांठ कर मिथ्या प्रचार कर अपने विरुद्ध आने वाली विपरीत खबरों को भी सकारात्मक बनाने का कार्य धनबल के जरिए करने लगे हैं। आज धन व सत्ता का अनुचित प्रयोग सत्य का दमन तथा उसे नकारने की शक्ति बन चुका है। कई राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के सर्वे के अनुसार उसके सूचकांक में भारत का निम्न स्थान धन के बल पर सत्ता प्रतिष्ठानों को प्रभावित करने बढ़ती घूसखोरी, सरकारी गैर सरकारी, कारपोरेट जगत के बढ़ते नैतिक पतन को उजागर करता है। विधायिका, न्यायपालिका तथा कार्यपालिका सभी स्तरों पर सत्य के मूल्य के दमन की घटनाओं से आज अखबार अटा पड़ा है। आज की स्थिति में निचले स्तर से उच्च स्तर की अदालतों तक न्याय पाने के लिए महंगे वकील करने के लिए धन की अत्यंत आवश्यकता होती है, न्याय भी अब धन पर आधारित हो गया है। न्याय पाना अब गरीबों का हक नहीं रह गया है,यह केवल अमीर लोगों की मुट्ठी में बंद होकर रह गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर दिखने वाली बराबरी अनेक बार सत्य को दबाकर दादागिरी के बल पर अमीर देशों की जिद की भेंट चढ़ जाती है। अमीर देशों की धन के दम पर दादागिरी कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों में दिखाई देती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन पर होने वाले वैश्विक सम्मेलन इसीलिए भी असफल होते दिखाई दिए हैं। क्योंकि अमीर देश कार्बन उत्सर्जन की मात्रा की जिम्मेदारी ज्यादा जनसंख्या वाले विकासशील देशों के सिर पर डाल देते हैं। सत्य की मनमानी व्याख्या आधुनिक युग की सच्चाई है सत्य का दमन इस स्तर पर पहुंच चुका है कि व्यक्ति अपने व्यक्तिगत स्तर पर दिन में कितनी बार धनबल के दबाव में अपने अंतःकरण से समझौता कर अपनी सहज प्रवृत्ति का दमन करने से नहीं चूकता है। शायर अदम गोंडवी लिखते हैं,

तुम्हारी फाइलों में गांव का मौसम गुलाबी है,  
मगर यह वायदे झूठे हैं, यह बातें किताबी हैं।

और अंत में स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है कि सत्य में वह शक्ति है जो मानव को असीमित शक्ति और अतुल्य बल प्रदान कर सकती है यदि तुम अखंड सत्य का पालन करो तो कोई भी तुम्हें रोकने में समर्थ नहीं है, यह तो सत्य है कि सत्य की शक्ति अत्यंत व्यापक एवं सर्वकालीन है।



**एक नजर**

### किरन्दुल में कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटरनेशनल कंपनी पर लगाया झूठा आरोप



**किरन्दुल, 10 जनवरी।** कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटरनेशनल कंपनी है जो की एमडी सी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के गृह निर्माण का कार्य मिला है जिसमें कल्पतरु कंपनी के द्वारा सुरक्षा कर्मचारी (सिक्योरिटी गार्ड का ठेका आई थ्री.को दिया गया है कल्पतरु प्रोजेक्ट अंतराष्ट्रीय ली. कंपनी है जो किरन्दुल में अपना कार्य कर रही है जो कि इस कंपनी का अच्छा खासा कार्य चल रहा है कंपनी अपने तरफ से लेबर वह कर्मचारी को हर महीने का पेमेंट वह पीएफ बोनस समय पर दे रही है फिर भी इस कंपनी को कुछ लोकल लोग वह कुछ डिफॉल्टर पत्रकार बंधु इस कंपनी के ऊपर झूठा ब्लेम लगाकर बदनाम वह दबाव बना रहे हैं कंपनी अपनी तरफ से सब कुछ करने के बाद भी इसके ऊपर लोग दबाव बना रहे हैं इसमें सिक्योरिटी एजेंन्सी क्या दे रही है क्या नहीं इसमें कंपनी का कोई नाम नहीं और आज तक नहीं कोई गार्ड शिकायत लेकर कंपनी के पास आया है तो कंपनी को कैसे बदनाम करने में तुले हैं यहां तक की चंदा से लेकर और हर तरफ की मांग डिफॉल्टर पत्रकार वह कुछ लोकल लोग इस पर हमेशा दबाव बना रहे हैं जिसमें कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटरनेशनल कंपनी लौह नगरी किरन्दुल में कार्य करने में सक्षम रहने पर अटल है और इस कंपनी से जितने मजदूर भाई एवं कर्मचारी लोगों का भरण पोषण चल रहा है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के 16 गांवों में पहुंचेगी आईईसी वैन

**कांकेर, 10 जनवरी ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के विभिन्न विकासखंड के ग्राम पंचायतों में केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आईईसी वैन के माध्यम से दी जा रही है और शिविर आयोजित कर हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए अनुभव साझा किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 10 जनवरी को जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कलेपरस एवं आमागांव, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मुंगवाल, बारवी, घोठा एवं कुल्हाड़कट्टा, चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत शाहावाड़ा एवं डोडकावाही, कांकेर विकासखण्ड के पुसावंड एवं अंजनी, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत शंकरनगर, पाडेंगा, घोड़ागांव एवं जानकीपुर तथा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बिहावापारा एवं मुसुरपट्टा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर लगाकर योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा।

### कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

**महासमुंद 10 जनवरी ।** कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने आज समय-सीमा की बैठक में प्रधानमंत्री जनमन योजना सहित विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही समय-सीमा पत्रकों और विभिन्न पोर्टल में दर्ज जन शिकायतों के समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातियों के विकास के लिए चलायी जा रही योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि जिले के कमार परिवारों का जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत पंजीयन कराएं। जिनके नाम पर जमीन है उनका किसान क्रेडिट कार्ड जारी करें। श्री मलिक ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यपाल अभियंता को कहा कि सौ सदस्यों से अधिक जनसंख्या वाले कमार बसाहटों तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क का प्रस्ताव बनाएं। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि इस तरह 18 बसाहटों के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। इसी तरह वन धन केन्द्रों की स्वीकृति के लिए महिलाओं का समूह निर्माण करते हुए उन्हें वन धन विकास केन्द्र से जोड़े। इसके लिए वन विभाग को क्लस्टर स्तरीय केन्द्र बनाने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह इन परिवारों में पानी, आधार कार्ड, राशन कार्ड और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया।

बैठक में अपर कलेक्टर श्री दुर्गेश वर्मा, एसडीएम श्री उमेश साहू सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में विद्युत आपूर्ति संबंधी प्रमाण पत्र देने के निर्देश दिए। नगरीय निकायों में जल आवर्धन योजना अंतर्गत सप्लाई की जा रही पेयजल का नियमित जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से समन्वय करने कहा गया। इसी तरह लंबित निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि अधूरे निर्माण कार्यों की जानकारी गूगल सीट में ऑनलाइन एंट्री कर अपडेट करें और ऐसे ठेकेदारों के ऊपर कार्रवाई करें जो समय सीमा के पश्चात भी कार्य पूर्ण नहीं कर पाएं हैं।

# नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों ने वन मंत्री केदार कश्यप से भेंटकर बताई समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नारायणपुर,10 जनवरी ।** प्रदेश सरकार में वनमंत्री व भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ने आज रायपुर निवास में नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों से भेंट की। ओरछा व छोटेडोंगर से आये लोगों ने मंत्री केदार कश्यप को क्षेत्र के समस्याओं से स्वागत कराया।क्षेत्रवासियों ने केदार कश्यप को बताया कि पिछले 5 साल कांग्रेस के शासन में नारायणपुर क्षेत्र विकास से कोसों दूर रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ रोजगार को लेकर क्षेत्रवासियों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि छोटेडोंगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था कांग्रेस शासन में खराब होते चली गयी। जहां एक्स-रे मशीन होते हुए भी क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ नहीं मिला। क्षेत्रवासियों की मांग है कि एक्स-रे मशीन शुरू हो, साथ ही मुक्तांजली वाहन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रदान किया जाए।

#### छोटेडोंगर में हो राम मंदिर का निर्माण, मिला आश्वासन

वन मंत्री केदार कश्यप से मिलने आये क्षेत्रवासियों ने छोटेडोंगर में राम मंदिर निर्माण की मांग की है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि प्रभु श्री राम हम सबके आराध्य है। आज पूरा देश राममय हो गया है। ऐसे समय में हम सभी चाहते हैं कि हमारे क्षेत्र में भी प्रभु श्री राम के मंदिर का निर्माण हो। क्षेत्रवासियों के हित और विकास के लिए करेंगे काम, सभी वादों को करेंगे पूरा वनमंत्री व नारायणपुर विधायक केदार कश्यप ने क्षेत्रवासियों की सभी समस्याओं और मांगों को ध्यान से सुना। चर्चा में उन्होंने कहा कि हम जनता के हित में काम करने के लिए जन-जन के सहयोग से सत्ता में आये हैं। क्षेत्रवासियों की सभी समस्याओं का निराकरण होगा और उनकी मांगों पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा।

## किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के नए भवन का किया गया लोकार्पण



**किरंदुल, 10 जनवरी।** लोह नगरी किरंदुल में एनएमडीसी किरंदुल दंतेवाड़ा क्षेत्र में कार्यरत ठेकेदार ऑन के संगठन किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के नए भवन का लोकार्पण एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक किरंदुल कंपलेक्स पद्मनाथ नाईक, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल राय, एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक वर्क किशन आहूजा , आईसीएल मित्तल निप्पों स्टील इंडिया लिमिटेड के महाप्रबंधक बीर राज बेलू, एनएमडीसी उप प्रबंधक सिविल टी एस रामनाथ ,पर्शनाल हेड बि माधव ,के गरिमाई उपस्थिति में किया गया इस कार्यक्रम में एनएमडीसी परिसर में कार्यरत किरंदुल बचेली नकुलन दंतेवाड़ा अनेक ठेकेदारों शामिल हुए कॉन्टैक्टर एशोसिएश के सचिव बिपलब मलिक ने कहा है कि आज हमारे किरंदुल कॉन्टैक्टर वेलफेयर एसोसिएशन के सभी सदस्यों के लिए गर्व की बात है कि आज हमें अपना खुद का भवन मिला है जिसमें हम हमारे संगठन को अच्छे से संचालित कर सकेंगे हमारे ठेकेदार साथी विषम परिस्थितियों में कार्य करते हैं और समाज के हर दुख सुख में हर वर्ग के साथ खड़े रहते हैं हमारे ठेकेदार साथियों के हर मौके पर संघठन उनके साथ है कार्यकर्म में के ए पापाचंद ,हरिशंकर मुखर्जी, आर सी प्रसाद ,विजय सोढ़ी,नागेश ,बाबूराव,शरद मिश्रा,अमरीक सिंह,सुरेंद्र नायर,जोविंस पापाचंद,नवीन राय,निताई पाल,अनेक ठेकेदार उपस्थित थे

## बम्हनी में रासेयो शिविर का आयोजन



**नारायणपुर ।** राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम ग्राम पंचायत बम्हनी में 08/01/2024 को शुभारंभ किया गया जिसमे मुख्य अथिति बिसाई बाई उइके (सरपंच)अध्यक्ष महेंद्र कुमार कश्यप (प्राचार्य शा.उ.मा.वि बेलगांव)कार्यक्रम अधिकारी श्री जदूराम कश्यप,श्री कोमल चंद चंद्रवंशी(व्याख्याता ),श्री महेश ठाकुर (व्याख्याता),खेल शिक्षक श्री लव कुश साहू पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठिका श्रीमती रूपाली सिंह, प्राथमिक पाठशाला के प्रधान पाठक श्रीमती वेदकुमारी कश्यप सहित स्कूल के समस्त स्टाफ सुरेश नूरेटी (उपसरपंच) ,चेंदरू कुमेटी (पंच) राकेश करंगा (पंच), बिसोंती नूरेटी(पंच) रमली करंगा (पंच) सुकलू करंगा(पंच) ग्रामवासी एवम समस्त स्वयं सेवक उपस्थित थे कार्यक्रम की शुरूवात स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करके किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री महेंद्र कुमार कश्यप ने राष्ट्रीय सेवा योजना का ग्राम्य जीवन में महत्व पर विस्तार से बतलाया गयाइस सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयं सेवकों के के द्वारा विभिन्न प्रकार के परियोजना कार्य, बौद्धिक कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम,के बारे में जानकारी श्री देवल सिंह भंडारी (व्याख्याता) बेलगांव के द्वारा दिया गया।

## वन परिक्षेत्र अधिकारी के दुर्व्यवहार के विरोध में शिवसेना ने किया घेराव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भानुप्रतापपुर, 10 जनवरी।** कोरर वन परिक्षेत्र कोरर में पदस्थ वन परिक्षेत्र अधिकारी द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों की सह पर किए जा रहा खुलेआम गबन, भ्रष्टाचार की राशि को अपने अधिकारियों को देकर निरंकुश होकर अपने कनिष्ठ कर्मचारियों से दुर्व्यवहार के विरोध में शिवसेना द्वारा वन परिक्षेत्र कार्यालय कोरर के सामने वन परिक्षेत्र अधिकारी के पुतले का मुंह काला कर उसका दहन किया गया। एवं प्रदर्शन किया गया। विदित हो कि वन परिक्षेत्र अधिकारी जब से कोरर में पदस्थ हैं ।वह खुलेआम भ्रष्टाचार कर रहे हैं। एवं अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से दुर्व्यवहार कर रहे हैं। दुर्व्यवहार की शिकायत अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को करने के बाद भी रेंजर के पैसे की दलाली खाए हुए बड़े अधिकारी रेंजर पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। क्यों कि कांकेर में पदस्थ वन मंडल अधिकारी कोरर रेंजर से कमीशन खा रहे हैं ।और कोरर रेंजर के कमिश्नन के पैसे से लबालब हुए बैठे हैं। इसके विरोध में एवं कोरर रेंजर पर उचित कार्यवाही की मांग को लेकर के शिवसेना द्वारा वन परिक्षेत्र कार्यालय कोरर के सामने प्रदर्शन कर कोरर रेंजर का पुतला दहन किया गया। आगे शिवसेना ने कहा है कि अगर कोरर रेंजर के ऊपर विधिवत कार्यवाही नहीं होती है। तो शिवसेना द्वारा आम जनता को साथ लेकर वन विभाग के उच्च अधिकारियों का घेराव किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री बच्चों को परीक्षा के तनाव से दूर रहने देंगे टिप्स

- सीधे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जनवरी के अंतिम सप्ताह में जुड़ेंगे छात्र-छात्राओं से
- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये से बच्चों से जुड़ेंगे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबन्द, 10 जनवरी।** प्रधानमंत्री द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी तनाव से दूर रखने हेतु इस सत्र के परीक्षा पे चर्चा का सप्तम चरण जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाना है।कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी, शिक्षक तथा अभिभावक इस कार्यकम में 05 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का उत्तर देकर अपना नामांकन करेंगे।वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रधानमंत्री द्वारा लिखित पुस्तक श्व×ड्डद्व 2ड्डह्लह्म्द्बशह्म् व सामान्य ज्ञान पर आधारित होंगे।नामांकन के साथ-साथ विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक माननीय प्रधानमंत्री महोदय से अपने पूछे जाने वाले प्रश्न भी प्रेषित कर सकते है। चयनित प्रश्नों का उत्तर प्रधानमंत्री महोदय द्वारा परीक्षा पे चर्चा पर आयोजित जीवंत कार्यक्रम में दिया जावेगा।समस्त नामांकित प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रेषित किया जायेगा।इस हेतु वेबसाईट लिंक के माध्यम से सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों का शत प्रतिशत नामांकन करवाना है।विद्यार्थियों का नामांकन समूह में शिक्षकों द्वारा भी किया जा सकता है।नामांकन की अंतिम तिथि 12 जनवरी 2024 है।नामांकन कार्य में व्यवसायिक शिक्षा के प्रशिक्षको एवं आई सी टी के डि जी मित्रों का सहयोग भी कियाजा सकता है।कोचिंग कक्षाओं के प्रतिभागियों का भी नामांकन सुनिश्चित करावें।यह समय परीक्षाओं को हम सब एक उत्सव के रूप में लें, विद्यार्थियों के परीक्षा संबंधी तनाव को दूर करने में सहयोग करें तथा उन्हें अपना सर्वोतम प्रदान करनें दे।

#### 12 को गरियाबंद के यादवपारा में आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

विकासखण्ड गरियाबंद में द्वितीय विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन दिनांक 12 जनवरी शुक्रवार को गरियाबन्द के यादव पारा वार्ड क्र. 12 में आयोजित किया जा रहा है। शिविर की समुचित व्यवस्था हेतु निम्न अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।डॉ. राजकुमार कन्नौजे,डॉ संगीता कौशिकडॉ. जितेन्द्र कुमार मुण्डा,आयु. चिकि.अधिकारी आयु. चिकि. अधिकारी डॉ. मिथलेश ठाकुर,होम्यो. चिकि अधिकारी, रामेश्वर ध्रुव,श्री लक्ष्मीकान्त वर्मा, हेमन्त कुमार चौहान, मेष कुमार निषाद शरद कुमार सिन्हा,श्रीमती संतोषी ध्रुव,श्रीमती दीपमाला भगत आदि थे।

#### विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी मैदानी अधिकारी दें योजनाओं की जानकारी:कलेक्टर

**जगदलपुर 10 जनवरी ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने कहा है कि केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आयोजित संकल्प शिविरों में सम्बंधित विभागों के अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर हो।

**समाचार संक्षेप**

### पीड़ितों एवं आश्रितों को मिली क्षतिपूर्ति राशि की स्वीकृति



**सुकमा, 10 जनवरी।** कलेक्टर श्री हरिस एस ने जिले के विभिन्न थानों में दर्ज 10 प्रकरणों पर 3 लाख 60 हजार रुपए की अंतरिम पीड़ित क्षतिपूर्ति राशि की स्वीकृति दी है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के आदेश के आधार पर पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2011 के तहत अंतरिम पीड़ित क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत करने की अनुशंसा की गई है।उक्त आदेश के तहत सुकमा थाना में दर्ज प्रकरण में मृतिका संतोषी के पुत्री, थाना पुसपाल में मृतिका के पिता लक्ष्मीनाथ, छिंदगढ़ थाना में दर्ज प्रकरण में मृतका जोगा की पत्नी पोड़ियामी भीमें, छिंदगढ़ थाना में दर्ज प्रकरण में मृतक की पत्नि श्रीमती मुक्की बघेल, छिंदगढ़ थाना में दर्ज प्रकरण में मृतक की पत्नि श्रीमती मंगली नाग, दोरनापाल थाना में दर्ज प्रकरण में मृतिका मजिदा खातून के ससुर मो. मकसूद, फुलबगड़ी थाना में दर्ज प्रकरण में मृतिका के पिता मड़कम एर्रा, फुलबगड़ी थाना में दर्ज प्रकरण में मृतक की पत्नी श्रीमती गेगी कलमू को क्रमशः 20-20 हजार रुपये की अंतरिम पीड़ित क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत किया गया।इसी प्रकार गादीरास में दर्ज प्रकरण में मृतक सोड़ी वागा के पिता जोगा सोढ़ी और छिंदगढ़ थाना में दर्ज प्रकरण में पीड़िता तुले वेटी पिता चुले वेटी को क्रमशः एक-एक लाख रुपए की अंतरिम पीड़ित क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत किया गया।

### पीएम विश्वकर्मा योजना में 3 लाख रुपए तक का मिलेगा ऋण

**महासमुंद 10 जनवरी ।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत पात्र लोगों को सरकार 3 लाख रुपये का ऋण 5 प्रतिशत रियायती ब्याज दर पर उपलब्ध कराएगी। पहले चरण में पात्र व्यक्तियों को एक लाख रुपये का ऋण दिया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में 2 लाख रुपये तक का ऋण मिलेगा। कौशल सत्यापन के बाद 5 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण तथा 15 दिन या उससे अधिक उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में 500 रुपये का दैनिक भत्ता देने का प्रावधान है। टूलकिट प्रोत्साहन के रूप में 15,000 रुपये का अनुदान देने की सुविधा है। डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन के रूप में प्रतिमाह अधिकतम 100 लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन 1 रुपए निर्धारित है।महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि इस योजना अंतर्गत 18 क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्ति इसका लाभ उठा सकते हैं। इनमें राजमिस्त्री, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, बढ़ई, लोहार, सुनार, अस्त्रकार, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वाले, मोची-जूता बनाने वाला कारीगर, नाव निर्माता, टोकरी-चटाई-झाड़ू बनाने वाला, गुड़िया और खिलौना निर्माता, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, फिशिंग नेट निर्माता इस योजना का लाभ उठाने के लिए चॉइस सेंटर के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा योजना पोर्टल पर पंजीकरण करा सकते है। इसके लिए आधार, मोबाइल नंबर, बैंक विवरण एवं राशन कार्ड की आवश्यकता होगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए आयु 18 वर्ष पूर्ण हो। स्वरोजगार/व्यवसाय विकास योजनाओं के तहत पिछले 5 वर्ष में किसी भी शासकीय योजना अंतर्गत ऋण न लिया हो। परिवार के एक ही सदस्य पात्र होंगे। सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्य पात्र नहीं होंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महासमुंद में कार्यालयीन समय पर संपर्क कर सकते हैं।

### कलेक्टर ने जुगल किशोर को दी शिक्षक की नौकरी

**जगदलपुर 10 जनवरी ।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने जिले के संवेदनशील क्षेत्र चांदामेटा के बीटेक पास जुगल किशोर को आश्रम शाला में कंप्यूटर शिक्षक की नौकरी दी। कलेक्टर ने कहा कि बहुत कम लोग है जो अतिसंवेदनशील क्षेत्र से निकलकर उच्च शिक्षा ग्रहण किए हो, प्रशासन हमेशा ऐसे क्षेत्रों से निकलने वाले युवाओं की सराहना और हरसंभव सहयोग करने का प्रयास करती है। अति संवेदनशील क्षेत्र के बच्चे का उच्च शिक्षा प्राप्त करना भी एक बड़ी उपलब्धि है, शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर बी-टेक तक की पढ़ाई करने वाले जुगल किशोर कोर्राम क्षेत्र के लिए रोल मॉडल है।जुगल किशोर कोर्राम बस्तर जिले के संवेदनशील क्षेत्र चांदामेटा का निवासी है। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले जुगल ने प्रारंभिक शिक्षा कोलेंग से की।इसके बाद जगदलपुर, फिर रायपुर प्रयास स्कूल से स्कूली शिक्षा ग्रहण किया। प्रयास के माध्यम में इंजिनियर बनने के प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी की और रायपुर के शासकीय इंजिनीयारिंग कालेज से बी टेक की पढ़ाई की। उसने बताया कि आर्थिक जरूरतों के लिए टीचिंग काम भी उसने किया। पढ़ाई के दौरान उसे स्वास्थ्यगत दिक्कत होने लगी थी, जांच करवाने पर दिल से संबंधित बीमारी का पता चला। इस बीमारी की वजह से उसे आर्थिक हानि के साथ साथ ज्यादा चलने में दिक्कत होने लगा है। जुगल के परिवार में माता-पिता, एक भाई और बहन है। माता-पिता कृषि कार्य में संलग्न है भाई और बहन पढ़ाई कर रहे हैं।विधानसभा चुनाव के दौरान चांदामेटा में पहली बार वोटिंग की प्रक्रिया किया गया। इस खबर को देखकर जुगल किशोर ने कुछ उम्मीद के साथ कलेक्टर श्री विजय से मिले। कलेक्टर ने जुगल के आवेदन पर आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया। निर्वाचन उपरांत सोमवार को कोलेंग क्षेत्र के विकास कार्यों का निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जुगल किशोर से मिलकर उसको बालक आश्रम में कंप्यूटर शिक्षक के रूप में नियुक्ति देने की बात कही। जुगल ने सहमति दी तो कलेक्टर ने अपनी गाड़ी में बिठाकर आश्रम तक ले जाकर नियुक्ति हेतु आदेश जारी करने के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को निर्देशित किया। कलेक्टर ने आश्रम के विद्यार्थियों से नए कंप्यूटर शिक्षक का परिचय करवाया, इस अवसर पर जुगल ने छात्रों को गणित और अंग्रेजी भी पढ़ाने की बात कही।

### कोकड़ी में मड़ई मेला 12 जनवरी को

**कुरुद,10 जनवरी।** ग्राम पंचायत कोकड़ी नारी में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 12 जनवरी दिन-शुक्रवार को मड़ाई मेला का आयोजन रखा गया है जिसमे रात्रि मनोरंजन के लिए छेड़िया भरदा का छतीसगढ़ी नाचा पार्टी कार्यक्रम है। इस आयोजन को सफल बनाने सरपंच गायत्री ध्रुव,उपसरपंच देवलाल साहू,कौशल साहू,गिरवर साहू,रिखी साहू,एस कुमार साहू, चोवा साहू,मूलचंद साहू, चैन साहू,रमेश निषाद दुर्जन साहू,विद्याचरण साहू,राजकुमार साहू,नरेश साहू,शन्तु निषाद, शत्रुघ्न यादव,सोसायटी अध्यक्ष जगत पाल साहू जुटे हुए हैं।

# डोंगरगढ़ भाजपा मंडल अध्यक्ष को हटाने की मांग,कार्यकर्ताओं ने जामवाल और पवन साय का किया घेराव

**डोगरगढ़, 10 जनवरी।** डोंगरगढ़ में पिछले नौ साल से मंडल अध्यक्ष की कुर्सी पर काबिज अमित जैन के खिलाफ अब स्थानीय कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है । अब बात इस कदर बढ़ चुकी है कि पिछले दिनों डोंगरगढ़ के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने डोंगरगढ़ प्रवास के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय जामवाल व् पवन साय का घेराव कर दिया और मंडल अध्यक्ष अमित जैन को हटाए जाने की मांग की ।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धर्मनगरी में पहुंचे भाजपा के केन्द्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय के कार्यक्रम की जानकारी शहर मंडल के द्वारा स्थानीय पदाधिकारियों को नहीं दिए जाने की गई शिकायत के बाद भाजपा में अंतरकलह साफ देखी जा सकती है। बताया जाता है कि पिछले लंबे समय से भाजपा मंडल में चल रही खींचतान इस वजह से ज्यादा बढ़ गई क्योंकि मंडल के शहर अध्यक्ष नें जानबूझकर गुरुवार को केन्द्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय के कार्यक्रम की जानकारी अपने कार्यकर्ताओं से छिपाई। जब आनन- फानन में शहर के वरिष्ठ भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को जानकारी मिली तो प्रदेश संगठन ने ही उनसे दूरी बना ली।वहीं कार्यकर्ताओं की माने तो जब मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष व पदाधिकारियो ने अतिथियों को ट्रस्ट कार्यालय में आमंत्रित किया तो अजय जामवाल ने समय नहीं होने का हवाला देते हुए वहां से निकल गए। शहर अध्यक्ष के यहां भोजन करने के बाद वहां से सीधे चंद्रगिरि तीर्थ में दो घंटे समय दिया। इधर पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा और अतिथियों द्वारा सम्मान नहीं मिलने के कारण नाराज कार्यकर्ता 2 घंटे तक चंद्रगिरि गेट पर ही खड़े रहे। जब अतिथि बाहर आए तो कार्यकर्ताओं ने बीच चौराहे में ही बैठक कर लगातार संगठन की कार्यप्रणाली, बढ़ रही गुटबाजी और स्थानीय कार्यकर्ताओं को किए जा रहे नजरअंदाज को लेकर कांग्रेस शासनकाल के पिछले 5 साल के कार्यकाल में संगठन के कुछ लोगों द्वारा की गई समायोजित गतिविधियों को भी शिकायत के रूप में रखा।इस पूरे मामले में अजय जामवाल ने कार्यकर्ताओं की बातों को गंभीरता से सुना और शिकायतकर्ताओं के दल को रायपुर आकर मिलने की बात कही। हालाकि इसके बाद स्थानीय भाजपा के लोग संगठन की शिकायत को लेकर बड़ी तादात में देर शाम छग के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिलने राजनांदगांव पहुंच गए और



उन्होंने डोंगरगढ़ में चल रही संगठन की गतिविधियों, पार्टी के कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज करना साथ ही अवैध कारोबार के संरक्षण को लेकर कुछ पदाधिकारियों की शिकायत कर उन्हें तत्काल पद से हटाने की मांग की गई। डाक्टर रमन सिंह ने भी मामले को गंभीरता से लिया है और जल्द ही इस पर निर्णय लेने की बात कही है ।

### अमित जैन पर नवाज के हिसाब से काम करने का आरोप

लगातार विवादों से घिरे डोंगरगढ़ मंडल अध्यक्ष अमित जैन के कार्यकाल में भाजपा दो बार विधानसभा चुनाव और दो बार नगर पालिका का चुनाव भाजपा हार चुकी है। इसके अलावा भी मंडल अध्यक्ष अमित जैन पर तमाम आरोप लगते रहे हैं । डोंगरगढ़ के ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि पिछले दिनों एक शराब तस्कर को डोंगरगढ़ पुलिस ने पकड़ा था और नवाज खान के फोन करने के बाद भी उसे नहीं छोड़ा जा रहा था लेकिन फिर अमित जैन ने मध्यस्थता की और उस शराब तस्कर को छुड़ाया गया । इस मामले में कहीं ना कहीं लेनदेन किये जाने की भी बातें सामने आई हैं । मिली जानकारी के अनुसार चुनाव के समय असम से आये कुछ कार्यकर्ताओं से बदसलूकी के मामले में भी अमित जैन व् उनकी टीम का नाम सामने आया था जिसे लेकर अब स्थानीय कार्यकर्ता व नेता अमित को हटाने की मांग पर अड़े हैं ।

एक नजर

## आयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश जोरातराई में



**अंवरी, 10 जनवरी।** ग्राम जोरातराई अं में आयोध्या से पहुंचे अक्षत कलश का ग्रामीणो द्वारा श्री मंदिर से पूजा पाठ कर रावत नाचा के माध्यम से कलश यात्रा निकाली गई , अक्षत कलश के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं कलश लेकर गली का भ्रमण किया गया । इस अवसर पर संत देवकर साहेब, मोतीलाल जैन राजस्थान, परदेशी राम साहू, रामस्वरूप साहू , सुदामा राम साहू , बंशीलाल साहू , गोविंद सिंह राजपूत,अशोक पाल, टेकराम साहू , भिखारी साहू , गणपत निषाद,बिष्णु तारक , बालमुकुंद साहू ( पेशु ) , नाथू साहू, उत्तम साहू, उदय पाल , धनसाय साहू, केजूराम साहू, नोहर निषाद, सेऊक पाल , पंचम पाल , नेमीचंद साहू , गोपाल सिंह राजपूत, प्रकाश निषाद , लोकू साहू , प्यारे पाल , रेवा पाल , संतोष साहू , मुकेश साहू , मेहत्तरु साहू , देवेन्द्र साहू , देव साहू ,मोनू साहू , भरत साहू , मुकेश टेलर, जुगल किशोर साहू , भोज तारक , किसन साहू , राकेश पाल आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे । संत देवकर साहेब ने कहा कि आज हम त्योहार की तरह मना रहे हैं और 22 जनवरी को आयोध्या में श्री राम जी विराजमान हो रहे हैं भारत देश के हर गांव के हर घर में दीपावली की तरह त्योहार मनाना है घर के बाहर रंगोली बनाकर दीप जलाना है , अपने अपने घरों के छत में दीपक जलाकर, फटाका फोड़कर , एक दूसरे को बधाई देकर , मिठाई बांटकर त्योहार मनाना है ।

## राष्ट्रीय गणित दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन

**अंवरी ।** छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में संस्था एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में भारत के महान् गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन के अवसर पर डॉ व्ही के पाठक, विभागाध्यक्ष गणित विभाग, बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी, डॉ गोविंद प्रसाद साहू, सहायक प्राध्यापक गणित, सेंटर आफ़ बेसिक साइंस , पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, डॉ शैलेंद्र कुमार साहू, प्राचार्य, छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा, सुश्री हिमानी जोशी, सहायक प्राध्यापक रसायन के आतिथ्य में राष्टीय गणित दिवस 2023 का आयोजन महाविद्यालय में विविध प्रतियोगिताएं एवं संभाषण कार्यक्रम के माध्यम से किया गया । रंगोली प्रतियोगिता में रेशमा साहू, बीएससी भाग तीन ने प्रथम, श्वेता शर्मा, बीएससी भाग एक ने द्वितीय तथा चांदनी यादव, बी ए भाग तीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में खिलेश देवांगन, बी ए भाग तीन ने प्रथम, लीकिता साहू, बी ए भाग दो ने द्वितीय तथा देवेन्द्र कुमार, बीएससी भाग तीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। माडल प्रतियोगिता में भूमिका साहू, बीएससी भाग तीन ने प्रथम तथा डागेश्वर साहू, बी एससी भाग एक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

विजयी प्रत्याशियों को अतिथियों के करकमलों से प्रतीक एवं प्रमाण पत्र तथा अन्य प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन टी के साहू, सहायक प्राध्यापक हिंदी तथा आभार प्रदर्शन सुश्री नेहा साहू, सहायक प्राध्यापक जंतु विज्ञान ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से एम एस साहू, ऐमेश्री ढीढी, सुनील कुमार साहू, श्रीमती उषा साहू, अंजु कुर्रे, दिनेश कुमार साहू आदि सहायक प्राध्यापक, तोमेश्वर मौर्यवंशी, कार्यालय सहायक एवं महाविद्यालयीन छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# 15 जनवरी को पोड में अधिकारी स्टॉल लगा कर ग्रामीणों को जन मन योजना का लाभ दें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गरियाबंद, 10 जनवरी।** नव नियुक्त जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने आज समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि पी एम जन मन योजना एवं भारत विकसित भारत योजना को प्राथमिकता से लागू करें और सभी अधिकारी इन कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से पहुंचे उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रधानमंत्री 15 जनवरी को पोड (छुरा) विकासखंड में पीएम जन योजना के अंतर्गत के विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन किया जाना है ग्राम पोड में सभी विभाग स्टॉल लगाकर शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगे और योजनाओं को लेकर लोगों को अवगत कराएंगे इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री सीधे वी सी के माध्यम से जुड़ेंगे और लोगों से उनके समस्याओं की जानकारी लेंगे और लोगों से क्षेत्र के विकास के कार्यों को लेकर पूछ ताछ करेंगे।विशेष पिछड़ी जनजाति के विभिन्न समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने का भी जिलाधीश दीपक अग्रवाल ने निर्देश दिया उन्होंने कहा वन धन केंद्र, मोबाइल सेवा, आवास उपलब्ध हो जिले में 199 ऐसे पिछड़े बसाहट गांव हैं जहां पर आवास व अन्य समस्याएं हैं उसे तत्काल दूर करें। इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कि 26 जनवरी को होने वाले गणतंत्र दिवस के परेड में इस बार गांव के कोटवार और वन विभाग के छोटा अमला भी भाग लेगा ।अब विशेष कर जो झांकियां निकलेगी उसे नगर के विभिन्न मार्गो से गुजर जाएगा इसके लिए वे तैयारी कर ले ।साथ ही सभी विभाग इस बात का ध्यान रखें 17 जनवरी तक कार्यालय में उत्कृष्ट सेवा करने वाले अधिकारी कर्मचारियों की सूची तैयार कर लें और वे उसे सूची को भेज दें ताकि इसकी समुचित प्रशिक्षण कराया जा सके। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने यह भी कहा कि सभी अधिकारी अपने जिम्मेदारियां का जवाबदेही से पूर्ण करें और शासन की योजनाओं को आम जनों तक पहुंचाएं पीड़ित जनों को राहत मिले इस पर वह विषय ध्यान दें ।कृषि विभाग ड्रोन के माध्यम से छिड़काव का डेमो खेतो मे करे उसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें और आधुनिक मशीनों को अधिक से अधिक उपयोग की सलाह दे। 26 जनवरी को विशेष रूप से परेड की तैयारी किया जाए। 26 जनवरी को परेड ग्राउंड में स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था वह मुफ्त दवाई वितरण की भी व्यवस्था रखा जाए ।उज्जवल भारत योजना तथा किसान क्रेडिट आयुष्मान कार्ड इन सभी को जारी कर अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ पहुंचाया जाए ।विशेष कर अधिकारी यह अच्छे से समझ ले की सभी योजनाओं को प्राथमिकता से लागू करना है और सारे कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें ।

# हत्या के मामले में नगर पंचायत सीएमओ समेत 5 आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजिम/फिंगेश्वर, 10 जनवरी। मामूली विवाद पर स्वास्थ्यकर्मी की पीट-पीटकर हत्या मामले में पुलिस ने आरोपी छ्स्ह्ह केशलाल साहू समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया है. मृतक के परिजनों ने सीएमओ व उनके साथियों पर नेमसिंग ध्रुव से मारपीट व हत्या करने का आरोप लगाया था. यह मामला फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम सेन्दर का है एसडीओपी पुष्पेंद्र नायक ने बताया, 13 नवम्बर को सीएमओ की पिटाई से स्वास्थ्यकर्मी की मौत का मामला सामने आया था. युवक की मौत के बाद आदिवासी समाज ने मोर्चा खोला था. इस घटना को लेकर आदिवासी समाज में आक्रोश था और हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 11 जनवरी को थाना घेराव की चेतावनी दी थी. इस मामले में सीएमओ केशलाल साहू, टेमन लाल साहू, नोशराम साहू, देवराज साहू, राकेश रोशन साहू लोगों को गिरफ्तार किया गया है. बता दें कि केशराम साहू आरंग क्षेत्र के समोदा नगर पंचायत में सीएमओ है.दरअसल ग्राम सेंदर मे दीपावली पर्व के दिन गौरी गौरा विसर्जन के दरमियान मामूली विवाद में स्वास्थ्यकर्मी नेमसिंह ध्रुव और सीएमओ केशलाल के बीच हाथापाई हुई. मारपीट ने इतनी तूल पकड़ ली की सीएमओ और उनके सहयोगियों ने नेमसिंह की जमकर पिटाई कर दी. घटना में बुरी तरह से घायल युवक नेमसिंह ध्रुव की इलाज के दरमियान मौत हो गई. बता दें कि मृतक नेमसिंह ध्रुव स्वास्थ्य विभाग गोहरापदर में मलेरिया कर्मचारी के रूप में पदस्थ थे. मृतक के परिजनों ने युवक की हत्या होने को लेकर फिंगेश्वर थाने में शिकायत करते हुए मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी.

## कमार जनजाति के लोगों का बनाया जा रहा आयुष्मान कार्ड

**धमतरी, 10 जनवरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कमार जनजाति के लोगों का लगातार आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 8 जनवरी को ग्राम सांकरा, मसानडबरी, भोथली, गितकारमुड़ा एवं घोरागांव में स्वास्थ्य अमला द्वारा कमार जनजातियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन कार्य किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मण्डल ने बताया कि उक्त क्षेत्रों में नेटवर्क नहीं पहुंचने की वजह से हितग्राहियों को निःशुल्क वाहन व्यवस्था कर पी.एच.सी. सांकरा लाया गया और उनका स्वास्थ्य जांच, उपचार कर 102 लोगों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में अब तक 888 विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग का आयुष्मान कार्ड पंजीयन कर लिया गया है

# अनियंत्रित होकर पुल से गिरे बाइक सवार की पानी में डूबने से हुई मौत



नवापारा-राजिम, 10 जनवरी। मामला राजिम थाना क्षेत्र से है जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर को राजिम- नवापारा पुल में एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिर गया। पुल के नीचे नदी में पानी होने के चलते में बाइक सवार की डूबने से मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद पुल पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। जिसे काफी मशक्कत के बाद हटाया गया।

**पुल पर लगी गाड़ियों की लंबी कतार-** प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया कि बाइक सवार राजिम पुल के बीचों-बीच पहुंचा था इस दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई इसके बाद बाइक सवार पुल की रेलिंग से टकराकर नीचे गिर गया, जबकि बाइक पुल पर ही गिर गया।

**इस दौरान नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय**-गोयल, भाजयुमो नेता मुकुंद मेश्राम किसी काम से राजिम जा रहे थे वे तुरंत रुके और बाइक सवार की मदद करने जुट गए नवापारा वार्ड 5 के निवासी विक्की साहू को रस्सी से बांधकर पुल से नीचे उतारा गया, तब तक बाइक सवार की मौत हो चुकी थी। मृतक को ट्यूब के सहारे पानी से बाहर निकाला गया।

**राइस मिल में काम करता था मृतक**-इधर घटना की सूचना मिलते ही राजिम और नवापारा पुलिस मौके पर पहुंची राजिम पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान प्रदीप गुप्ता के रूप में हुई है। वह गरियाबंद पारागांव का रहने वाला है प्रदीप गरियाबंद के दातार राइस में काम करता था बताया जा रहा है। मृतक के पास पैसों से भरा एक बैग भी मिला है। जिसे पुलिस ने जब्त कर अपने पास रखा है फिलहाल राजिम पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मामले की जांच कर रही है।

## 6 माह की बच्ची की गोली लगने से हुई मौत की न्यायिक जाँच हो: विक्रम मंडावी



**बीजापुर 10 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता) ।** बीजापुर के विधायक श्री विक्रम मण्डावी ने मंगलवार को बीजापुर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 01 जनवरी 2024 की शाम लगभग 04ः00 बजे बीजापुर जिले के थाना गंगालूर अंतर्गत ग्राम मुतवेंडी में क्रॉस फायरिंग में एक 6 माह की बच्ची और उसकी माँ को गोली लगने से 6 माह की बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई और उसकी मॉ घायल हो गई। इस घटना को प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने गंभीरता से लेते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं सांसद माननीय श्री दीपक बैज ने एक पांच सदस्यीय जांच दल का गठन किया था। जांच दल में श्री विक्रम मण्डावी विधायक बीजापुर, श्रीमती नीना रावतिया उद्दे सदस्य जिला पंचायत बीजापुर, श्री शंकर कुडियम अध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर, श्री बसंतराव ताटी सदस्य जिला पंचायत बीजापुर, श्री मिच्चा मुत्तैया उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भोपालपटनम् एवं श्री लालू राठौर, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर आदि शामिल थे। विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि जांच दल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 08 जनवरी 2024 को बीजापुर से गंगालूर होते हुए ग्राम मुतवेंडी के लिए रवाना हुई, इस दौरान कई जगह सुरक्षा बलों ने जांच दल को मुतवेंडी जाने से रोका। जांच दल के संयोजक विधायक श्री विक्रम मण्डावी ने आगे कहा जांच दल गंगालूर से कावडगांव पंहुची और मुतवेंडी गांव के ग्रामीणों से कावडगांव के पास मिलकर चर्चा की। चर्चा के दौरान मुतवेंडी के ग्रामीणों ने कांग्रेस पार्टी के पांच सदस्यीय जांच दल को चश्मदीदों ने घटना के बारे में विस्तार से बताया और ग्रामीणों ने जांच दल के सामने मांग किया कि इस पूरे घटना की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों पर कार्यवाही हो।प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए बीजापुर के विधायक श्री विक्रम मण्डावी ने कहा जब से प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकारी बनी है तब से आदिवासियों पर लगातर अत्याचार बढे हैं। कांग्रेस पार्टी प्रदेश की भाजपा सरकार से मांग करती है कि इस पूरे घटना की जांच उच्चत्तम न्यायालय के न्यायधीश की अध्यक्षता में न्यायिक जांच हो और पीडितों को न्याय दिलायें। अन्यथा आने वाले समय में आदिवासियों को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस पार्टी उग्र अंदोलन करने के लिए बाध्य होंगी। प्रेस वार्ता के दौरान जाँच दल के सभी सदस्य व बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कर्मचारी फेडरेशन ने किया नवपदस्थ कलेक्टर का स्वागत



**बीजापुर 10 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता) ।** कर्मचारी -अधिकारी फेडरेशन बीजापुर के जिला सचिव कैलाश रामटेके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि दिनाँक 08.01.2024 को फेडरेशन के जिला संयोजक के डी राय ,अध्यक्ष मो जाकिर खान वा जिला सचिव कैलाश रामटेके के नेतृत्व मे नवपदस्थ कलेक्टर श्रीमान अनुराग पाण्डेय का स्वागत सत्कार कर्मचारी -अधिकारी फेडरेशन जिला ईकाई बीजापुर के पदाधिकारियों द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। सौजन्य भेंट मे कलेक्टर महोदय द्वारा सभी का कुशलक्षेम पूछा वा मिलकर सहयोग की भावना से काम करने को कहा।संगठन के द्वारा परामर्श दात्री समिति की बैठक कराने हेतु निवेदन किया गया जिस पर उन्होने जल्द बैठक कर कर्मचारियों की समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया।प्रतिनिधि मंडल मे लिपिक संघ के राजेन्द्र पसपुल,व्याख्याता संघ के अजय गुरला,सहायक शिक्षक फेडरेशन महेश शेट्टी वा राजेश मिश्रा,वाहन चालक संघ के महेश देवांगन,छ्ग शिक्षक संघ के नरेन्द्र शोरी,शिव समरथ,वन कर्मचारी संघ के लोकेश रेड्डी सहित छ्ग शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधि शामिल थे।

## गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर कलेक्टर ने आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की



**बीजापुर 10 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के जिला स्तरीय कार्यक्रम की व्यापक समीक्षा करते हुऐ नामजद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जिसमें ग्राउंड की सफाई, बैरिकेटिंग, बैठक व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, स्वल्पाहार, पुरूस्कार वितरण, परेड का रिहर्सल सहित विभागीय शासकीय योजनाओं, कला एवं संस्कृति से संबंधित झांकी प्रदर्शन, स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन संबंधित तैयारियों की समीक्षा की।बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू, संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी, डीएसपी श्री लेकाम सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

### धान का बोनस सभी पात्र किसानों के खाते में पहुंचे इस के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश

# केन्द्र सरकार की योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो: कलेक्टर



**बीजापुर, 10 जनवरी ।** जिले में नवपदस्थ कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने साप्ताहिक समय-सीमा की प्रथम बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर बैठक की शुरूआत की। कलेक्टर श्री पाण्डेय ने जिलों में संचालित केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए समन्वय स्थापित कर आवश्यक रणनीति के तहत योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने को कहा। वहीं लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाऊसिंग कार्पोरेशन के माध्यम से नवीन गोदाम निर्माण हेतु वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारी को संयुक्त रूप से कार्रवाई कर भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिले में स्वीकृत पूर्ण/अपूर्ण सड़कों की जानकारी तथा योजना के तहत स्वीकृत एवं लंबित प्रस्तावों की जानकारी प्रेषित करने, विभिन्न कार्यालयों में लंबित पेंशन के प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने। बीजापुर नगरीय क्षेत्रों में जल की आपूर्ति सुनिश्चित करने, प्रस्तावित जल आवर्धन योजना के निर्माण हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं जल संसाधन विभाग द्वारा समुचित जल आपूर्ति हेतु दूरगामी परिणाम को मद्देनजर रखते हुऐ कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

भोपालपटनम ब्लाक के समक्का-सारक्का बैराज के अर्न्तगत डूबान क्षेत्र में आने वाले कृषि भूमि का किसानों को मुआवजा प्रदाय करने हेतु सर्वेक्षण की जानकारी ली। जिला अस्पताल में उपलब्ध डाक्टर्स, विशेषज्ञ एवं प्राप्त सुविधाओं की जानकारी लेते हुऐ विशेषज्ञों एवं अन्य सुविधाओं का विस्तार करने के निर्देश दिए। सोनोग्राफी, सीटी स्कैन, ब्लड बैंक इत्यादि के बारे में सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन ने विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

संकल्प भारत शिविर के आयोजन के बारे में सीईओ जिला पंचायत ने बताया कि 67 पंचायतों में शिविर का आयोजन हो चुका है और कार्यक्रम अभी जारी है।कलेक्टर श्री पाण्डेय ने धान उपार्जन केन्द्रों में धान की खरीदी, संग्रहण, भण्डारण एवं धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। अन्तर्राज्यीय पशुओं के परिवहन के संबंध में समिति का गठन करने के निर्देश उप संचालक पशुधन विभाग को दिए।अन्तर्राज्यीय सीमा पर भव्य स्वागत द्वार बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग सहित संबंधित विभाग द्वारा आवश्यक चर्चा करने के निर्देश दिए।आंकाक्षी जिला अंर्नतगत डेल्टा रैकिंग में बेहतर प्रदर्शन करने पर सभी अधिकारियों को बधाई देते हुऐ कलेक्टर श्री पाण्डेय ने आपसी सहयोग एवं समन्वित प्रयास से जिले के विकास में अपनी योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। आकांक्षी कार्यक्रम अर्न्तगत शिक्षा के बेहतरी के लिए बुनियादी शिक्षा अभियान, रिड एलांग ऐप सही समय पर बेस लाईन एवं मीड लाईन टेस्ट किया गया जिसका परिणाम सकारात्मक रहा। वर्तमान में इन्ही इंडीकेटर के तहत आंगन बाड़ी में निर्मल आंगन कार्यक्रम भी संचालित है। कलेक्टर ने वार्ड वासियों के मांग पर शांति नगर में सीसी सड़क निर्माण के लिए सीएमओ नगर पालिका बीजापुर को निर्देश देते हुऐ जल्द सड़क बनाने को कहा।बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू, संयुक्त कलेक्टर श्री पवन प्रेमी सहित समस्त अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगरीय निकाय उपस्थित थे।

## सेमीनार में आइडियाज फ्राम यूथ फॉर विकसित भारत-2047 के लिए छात्रों,प्राध्यापकों ने शपथ ली

**रायगढ़, 10 जनवरी ।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र रायगढ़ में विकसित भारत ॠ2047 अभियान अंतर्गत गत दिवस दो दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों सहित समस्त प्राध्यापकगण व कर्मचारियों ने हमारा संकल्प विकसित भारत का शपथ लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ.बी.एस.राजपूत, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केविके प्रमुख और दो दिवसीय सेमिनार के अध्यक्ष एवं अधिष्ठाता डॉ.अजीत कुमार सिंह एवं महाविद्यालय के अधिकारियों द्वारा किया गया। श्री राजपूत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि रोजगार की चुनौतियों से निपटने के लिए उन्हें अभी से मानसिक और शारीरिक तौर से तैयार होना पड़ेगा। उन्होंने कहा की युवाओं के इनोवेटीभ एवं तकनीकी रूप से सक्षम सोच से ही देश विकसित भारत बनने की तरफ तेजी से बढ़ेगा साथ ही साथ उन्होंने विद्यार्थियों को स्वरोजगार, सेरीकल्चर और मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगारों से विद्यार्थियों को रूबरू कराया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.ए.केसिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्किल मैनेजमेंट के माध्यम से आज के युवा देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं और उसका हिस्सा बन सकते हैं। विकसित भारत 2047 के दो दिवसीय सेमीनार के नोडल ऑफिसर सुनील कुमार गौतम ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वो अपने अंदर 'रीडिंग हैबिट्स का विकास करके अपने मेंटल हेल्थ को मजबूत करते हुए विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं। आइडियाज फ्राम यूथ फॉर विकसित भारत 2047 के दो दिवसीय सेमिनार के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.गंगा राम राठिया ने मृदा स्वास्थ की कृषि में उपयोगिता के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण के बारे में विद्यार्थियों से विस्तार पूर्वक चर्चा किया। डॉ.सावंरगाँवकर ने विकसित भारत 2047 गोष्ठी चर्चा पर अपनी बात रखते हुए कहा की बीज उत्पादन की नवीन तकनीक, परीक्षण की विभिन्न विधियों को सिखकर कृषि क्षेत्र को मजबूत करते हुए वे विकसित भारत/2047 का एक अहम हिस्सा बन सकते हैं। डॉ.ब्रिजेश पटेल ने सरकार के विभिन्न योजनाओं को विद्यार्थियों के समक्ष रखते हुए कहा की मुर्गी, बकरी, मछली और गाय पालन के माध्यम से देश के अर्थव्यवस्था को मजबूत करके आर्थिक रूप सुदृढ़ करते हुए 2047 तक देश को विकसित बना सकते हैं।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में स्वच्छता के महत्व को समझाया गया



**बीजापुर 10 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता) ।** केन्द्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने व लाभान्वित हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' का आयोजन ग्राम पंचायत वंगापल्ली जनपद पंचायत भोपालपटनम में किया गया। हितग्राहियों ने कार्यक्रम के संबंध में खुशी जाहिर की और केन्द्र सरकार की योजनाओं की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब परिवारों के लिए एक वरदान है।उसी प्रकार स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय बनाए गए हैं, जिन्हें स्वच्छ स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है साथ ही हमें अपने-अपने घरों एवं आसपास स्वच्छता का ख्याल रखना चाहिए ताकि बैक्टीरिया जनित रोगों से बचाव हो सके यह जानकारी मिलने से ग्रामीण अब पहले की अपेक्षा साफ और स्वच्छ होने लगे हैं।

## जवानों ने पगडंडी में लगाया बम किया बरामद

**बीजापुर 10 जनवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता) ।** चेरपाल



गंगालूर मार्ग पर चेरपाल से 1 किमी आगे मुख्य सड़क से 100 मीटर अंदर पगडंडी मार्ग पर 05 किग्रा का आईईडी बरामद डीआरजी, बस्तर फाईटर, केरिपु 222 की टीम क्षेत्र में सर्चिंग के लिये निकली हुई थी, डी-माईनिंग के दौरान 05 किग्रा का आईईडी बरामद ।बीडीएस बीजापुर की टीम द्वारा मौके पर किया गया निष्क्रिय । आईईडी प्रेशर स्वीच सिस्टम से लगाया गया था।

# मेरा भारत नशामुक्त भारत अभियान का हुआ शुभारंभ

## विधायक रोहित साहू ने राष्ट्रीय ध्वज लहरा कर रथ को किया रवाना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरा 10 जनवरी।** स्वस्थ्य, सुखी और नशा मुक्त भारत के लिए ब्रह्माकुमारी एवं केंद्र सरकार की संयुक्त पहल से चलाई जा रही ÷ नशा मुक्त भारत अभियान÷ का शुभारंभ छत्तीसगढ के गरियाबंद जिले मे भी किया गया।जिले के छुरा प्रखंड की कमार भुन्जिया आदिवासी बाहुल्य ग्राम जुनवानी मे नव निर्वाचित विधायक रोहित साहू ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय क्षेत्रीय सेवा केंद्र खड़मा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ÷मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान÷ का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू ब्रह्माकुमारीज़ स्थानीय सेवा केंद्र खड़मा की प्रभारी ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी, कचना धुरुवा महाविद्यालय का प्राचार्य डां दिनेश कुमार साहू ,राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी आर आर कुर्रे, ग्राम सरपंच श्रीमती कामनी ध्रुवा ,ग्राम पटेल राम भरोषा ठाकुर,एवं क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नशा मुक्ति अभियान रथ को भी रवाना किया गया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि यह अभियान एक प्रेरणा है। हम सब अपने जीवन में नशा से परहेज करने का संकल्प लें। नशा सिर्फ बीड़ी, सिगरेट और शराब का ही नहीं, बल्कि आज के युवाओं को मोबाइल का भी नशा दिग्भ्रमित कर रहा है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि हम स्वयं की जिम्मेदारी एवं नशा मुक्त बनाने का संकल्प करें। इससे हमारा समाज ना सिर्फ स्वस्थ होगा, बल्कि समृद्धि भी आयेगी।

ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने कहा कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा मार्च में मेमोरेंडम साइन किया गया। ब्रह्माकुमारी वर्षों से अपनी सेवा दे रही है और भारत को नशा मुक्त बनाने में सरकार के द्वारा जो जिम्मेदारी मिली है, उसे हम सब पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत देवत्व भूमि है और हम देवी देवता के वंशज हैं।

## एक नजर

### महापुराण से गादिकोट हुआ शिवमय



**छुरा 10 जनवरी।** नगर के गादीकोठ मे चल रही श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन कथा कार पं योगेश सुरेन्द्र प्रसाद दुबे जी महराज ने सत्ती चरित्र व शिव पार्वती विवाह का सुन्दर वर्णन किया। पं दुबे जी महराज ने मां पार्वती के जन्म, कामदेव के भस्म होने और भगवान शिव द्वारा विवाह के लिए सहमत होने की कथा सुनाई।नगर के वरिष्ठ सिया राम सिन्हा एवं परिजनो द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में पधारे दुबे जी महराज ने श्रोताओं को सुनाते हुए कहा कि राजा दक्ष प्रजापति ने भगवान शंकर का अपमान करने के लिए महायज्ञ का आयोजन किया था और जिसमें उसने भगवान शिव को छोड़कर समस्त देवताओं को आमंत्रण भेजा था। भगवान शंकर के मना करने के बाद भी सती अपने पिता के यहां जाने की इच्छा जताई तो भगवान शंकर ने बिना बुलाए जाने पर कष्ट का भागी बनने की बात कही। इसके बाद भी सती नहीं मानी और पिता के घर चली गईं। पिता द्वारा भगवान शंकर के अपमान पर सती ने हवन कुंड में कूदकर खुद को अग्नि में समर्पित कर दिया। इसके बाद भगवान शंकर के दूतों ने यज्ञ स्थल को तहस-नहस कर दिया। माता सती के अग्नि में प्रवाहित होने के बाद तीनों लोकों को भगवान शिव के कोप भाजन का शिकार होना पड़ा। श्री शिव महापुराण कथा सुनने श्रद्दालुओ की भीड लग रही है । नगर के सिन्हा समाज एवं नगर वासियो का शिव महापुराण की कथा के आयोजन मे विशेष सहयोग बनाये हुए है।

### 20 लिटर महुआ शराब जब्त

**बलौदाबाजार 10 जनवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार झा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार के निर्देशन में व थाना प्रभारी कसडोल मंजूलता राठौर के कुशल मार्गदर्शन में तथा पुलिस चौकी सोनाखान प्रभारी राजेंद्र पाटिल के नेतृत्व में शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है।इसी क्रम में दिनांक 30.12.2023 को अवैध जुआ शराब पता तलाश रेड कार्यवाही के दौरान पुलिस चौकी सोनाखान को जरिए मुखबिर सूचना मिला था कि ग्राम चिखली कर्रागढ़ का धनीराम साहू अपने बाड़ी में भारी मात्रा में महुआ शराब बिक्री करने हेतु छिपाकर रखा है कि सूचना पर चौकी सोनाखान पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम चिखली कर्रागढ़ पहुंच कर आरोपी धनीराम साहू के बाड़ी को घेराबंदी किया गया था।

## गीता पब्लिक स्कूल में मनाया गया नववर्ष एवं फ़ूड फेस्टिवल

**सिमगा 10 जनवरी।** गीता पब्लिक स्कूल में फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया था जिसमें सभी छात्रों और अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुवात सरस्वती माता की पूजा से हुई। छात्रों और अभिभावकों के द्वारा अलग अलग तरह के स्वादिष्ट भोजन बना कर लाया गया और विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुफ्त भी उठाया गया। छात्रों और अभिभावकों के बीच इस कार्यक्रम के लिए उत्साह भरपूर देखा गया और साथ ही अभिभावकों के लिए विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया था जिसमें क्रिकेट, म्यूजिकल चेयर, स्पून रनिंग आदि खेल शामिल थे जिसमें अभिभावकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवम विजेताओं को पुरुस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टी आई तिवारी सर, अनिल पाण्डेय जी, धीरज जैन, आनंद यादव आए हुए थे । सभी छात्रों और आए हुए अभिभावकों को स्कूल के प्रिंसिपल सौरभ दुबे सर के द्वारा नए वर्ष की शुभकामनाएं दी गई तथा वार्षिक खेल में भाग लिए गए छात्रों को मेडल और ट्रॉफी देकर के कार्यक्रम का समापन किया गया।



# मोदी की गारंटी का लाभ दिलाना हमारा कर्तव्य:रामजी भारती

■ केंद्र और राज्य की योजना का समुचित लाभ मिलेः रवि अग्रवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 10 जनवरी।** विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत अछोली और कलकसा में आज शिविर का आयोजन किया गया शिविर में मुख्य रूप से पूर्व विधायक श्री रामजी भारती जनपद सदस्य रवि अग्रवाल मंडल अध्यक्ष जैन मेश्राम पूर्व जनपद उपाध्यक्ष महेंद्र वैष्णव,जनपद सदस्य कचरू साहू ,उपकार साहू रेखराज वर्मा,अशोक साहू ,लखन जांघेल,तेजलाल वर्मा उपस्थित रहे।

शिविर में सभी विभाग के कर्मचारियों ने सरकार की योजना को ग्रामीणों को बताया और शिविर में उज्ज्वला गैस हितग्रहियो का द्म4ष् किया गया आयुष्मान कार्ड बनाया गया ,कृषि विभाग द्वारा योजना की जानकारी साझा की गई महिला एवम् बाल विकास विभाग द्वारा अन्न प्रासन और गोद भराई का कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर रामजी भारती ने मोदी जी के साढ़े नव साल की योजना और नई सरकार की योजनाओं की जानकारी दे कर ग्रामीणों को योजना का लाभ लेने का आह्वान किया और सभी को 22 जनवरी को राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति स्थापित होने वाले कार्यक्रम को दीपावली की तरह बनाने का आग्रह किया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य रवि अग्रवाल ने अधिकारियों और कर्मचारियों से आहवान किया की गांव के अंतिम व्यक्ति को मोदी की गारंटी का लाभ मिले कार्यक्रम में कचरू साहू ने गांव के विकास कार्यो को गति प्रदान कर ग्रामीणों को योजना से जोड़ा जाए।

इस अवसर पर जैन मेश्राम ने भी संबोधित किया और आभार सरपंच मनीषा नेताम द्वारा किया गया कार्यक्रम में सरपंच अशोक साहू,अरेंद्र साहू,जोधन साहू सुखचरण साहू उत्तम चौरे ,दुर्गा नायडू, जनपद के विजय प्रताप सिंह,नेहा सहारे , प्रवीण गड़पायले,अनिल सोनवानी,माखन चंद्रवंशी,कमलेश वर्मा, खिलेश्वरी निर्मल पंचायत सचिव सहित बिहान समूह की महिलाए और शाला परिवार के शिक्षक उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के 2 आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 10 जनवरी।** पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दीपक झा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय के मार्गदर्शन में थाना लवन प्रभारी निरीक्षक केसर पराग द्वारा आपरेशन मुस्कान अंतर्गत नाबालिग बच्चों की लगातार खोजबीन किया जा रहा है इसी क्रम में दिनांक 08.01.24 को मुखबिर सूचना एवं साइबर सेल की मदद से थाना लवन से 02 मामलों के नाबालिग अपहता को आरोपीगण के कब्जे से जिला खैरागढ़ एवं रायपुर में बरामद किया गया एवं दोनों पीड़िता से पूछताछ बाद आरोपी द्वारा नाबालिक पीड़िता को बहला फुसलाकर भगा ले जाकर लगातार दुष्कर्म करना पाए जाने से दोनों मामलों में धारा 366,376(2) (ढ्ठ), 34 भादवि, 6 पाक्सो एक्ट जोडकर आरोपीगण को विधिवत गिरफ्तार कर आज दिनांक 09/11/24 को माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में स उ नि मोहित मलिक, सुनिल कुमार खुटे, म. प्र.आर. सुमित्रा जाटवर, प्र.आर. भारत भूषण पठारी का विशेष योगदान रहा।

### गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमापूर्ण आयोजन के लिए अफसरों को जिम्मेदारी सौंपी

**बलौदाबाजार,10 जनवर।** गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी के दिन शुक्रवार को जिले में अत्यंत हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया जायेगा। जिला स्तरीय समारोह जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर श्री चंदन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समारोह के गरिमापूर्ण आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। अफसरों को अलग-अलग कामों के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई। मौसम एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बैठक सहित अन्य तमाम व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है। इस वर्ष गणतंत्र दिवस में स्कूली एवं कालेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विभागों द्वारा फ्लैगशिप योजनाओं पर आकर्षक झांकियों का भी प्रदर्शन होगा। इसके लिए सभी सम्बंधित अधिकारियों के लिए विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए है। बैठक में डीएफओ मयंक अग्रवाल,अपर कलेक्टर बीसी एक्का सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी इस मौके पर मौजूद थे।गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह सवेरे 9 बजे स्पोर्टस स्टेडियम में शुरू होगा। मुख्य अतिथि यहां ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। इसके पहले सभी सरकारी और गैर सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण हो जाएगा. विभागीय कार्यालयों के लिए सुबह 7 बजे एवं संयुक्त जिला कार्यालय के लिए सुबह 8 बजे ध्वजारोहण हेतु निर्धारित की गई है।इसके साथ गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या से सभी कार्यालयों में रंगीन रोशनी एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सहित अन्य महापुरुष की चौक में स्थपित प्रतिमा की साफ सफाई के निर्देश संबधित विभाग के अधिकारीयों को दिए है। शासकीय सेवा में अच्छे कार्य करने वाले होंगे सम्मानित शासकीय सेवा में अपने दायित्व का बेहतर निर्वहन करने वाले अधिकारी- कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा मंच से सम्मानित किया जायेगा। कार्यालय प्रमुखों से इसके लिए नाम और कार्य का संक्षिप्त विवरण शीघ्र ही मंगाये गये हैं। संपूर्ण कार्यक्रम का अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को सुबह 9 बजे स्टेडियम मैदान में होगा। समारोह स्थल की साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, शामियाना,आमंत्रण पत्र,मंच एवं माईक,पानी व्यवस्था, बैठक व्यवस्था,शांति एवं यातायात व्यवस्था, मार्च पास्ट परेड,चिकित्सा व्यवस्था आदि के लिए संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

# गिधौरी पुलिस ने गांजा तस्करी करने वाले नेटवर्क का किया खुलासा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार 10 जनवरी।** विभिन्न माध्यमों से यह सूचना प्राप्त हो रही थी कि जिले का गिधौरी होते हुए जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ की ओर सड़क मार्ग गांजा तस्करों के लिए एक सुरक्षित मार्ग सा बन गया है। सूचना अनुसार इस मार्ग से अभी कुछ दिनों में भारी मात्रा में गांजा तस्करों द्वारा गांजा की तस्करी किया जाने वाला था। साथ ही इन तस्करों द्वारा पकडे जाने एवं चेकिंग कार्रवाई से बचने हेतु लग्जरी कारों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इस बात की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार झा को मिली, जिन्होंने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश कुमार यादव के निर्देशन में थाना गिधौरी पुलिस को गिधौरी से सारंगढ़ बिलाईगढ़ सड़क मार्ग में लगातार पुलिस द्वारा निगरानी करने हेतु निर्देशित किया। उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना गिधौरी पुलिस द्वारा सड़क मार्ग में लगातार पेट्रोलिंग कर निगाह रखा जा रहा था। कि इसी बीच सूचना मिली कि 08.01.2024 की रात्रि में एक सफेद रंग की लग्जरी कार में जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ की ओर से भारी मात्रा में गांजा लेकर कुछ तस्कर आने वाले हैं। कि सूचना पर उप पुलिस अधीक्षक श्री राजेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में, तथा निरीक्षक के.सी.दास थाना प्रभारी गिधौरी के नेतृत्व में गिधौरी पुलिस टीम द्वारा दिनांक 08.01.2024 की रात्रि गिधौरी खपराडीह के बीच पहंदा रोड कच्ची रोड के पास पहुंचकर नाकाबंदी किया गया। इसी बीच दिनांक 08-09.01.2024 के अलसुबह 04ः30 बजे सारंगढ़ की ओर से एक सफेद स्विफ्ट कार आते हुए दिखी, जिसे पुलिस द्वारा रुकवाने पर कार चालक तेजी से भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा भी बहुत ही साहस एवं तेजी से गांजा तस्करों के कार का पीछा किया गया। पुलिस टीम को बहुत तेजी से अपनी ओर आता देख कार चालक रोड में वाहन खड़ी कर अपने एक अन्य साथी के साथ खेत की तरफ भाग गया, जिसे ढूंढने पर एवं रात्रि में अत्यधिक अंधेरा होने पर दोनों आरोपी नहीं मिले जिनकी पता तलाश जारी है। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा उक्त सफेद रंग की कार का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया। मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार क्र. ष्ट्त15 क्र8568 में तलाशी के दौरान वाहन की डिक्की में 82 पैकेट एवं वाहन अंदर पीछे वाले सीट के नीचे में 07 पैकेट, कुल 89 अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात कार में मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कार से कुल 89 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला जिसे विधिवत जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य ?8,90,000 है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी के.सी.दास, सउनि प्रकाश जांगड़े, प्र.आर. नरेश खूंटे, मानिक बंजारे, आर. नरेंद्र, रामलाल, सुजीत, विजय, सुरेश यादव एवं जगराम का विशेष योगदान रहा।

# अवैध शराब बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने की कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार 7 जनवरी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार झा, द्वारा अवैध नशे के कारोबार में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने निर्देश के पालन में श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश यादव, एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में अवैध शराब पर लगातार कार्यवाही की जा रही है कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है-(1) अपराध क्र. 14/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट में घटना स्थल ग्राम पड़कीडीह आरोपी डूलू राम पैकरा के दुकान से आरोपी डूलूराम पैकरा पिता स्व चोवा राम उम्र 39 वर्ष साकिन पड़कीडीह के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री हेतु बोरी में रखे 171 पाव देशी मदिरा मशाला मात्रा 30.780 बल्क लीटर कीमती ?19480 को जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई।

(2) अपराध क्र. 15/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट में आरोपी श्यामरतन बंजारे पिता स्व बंशीलाल बंजारे उम्र 60 वर्ष साकिन शिकारी केशली थाना सुहेला को घटना स्थल ग्राम हिरमी ओव्हर ब्रिज के पास अवैध रूप से 35 पाव देशी मदिरा मशाला शराब मात्रा 6.300 बल्क लीटर कीमती ?3850 बिकी हेतु ले जाते पाये जाने पर आरोपी के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई। (3) अपराध क्र. 16/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट में आरोपी कुलेश्वर चतुर्वेदी पिता बिसरा चतुर्वेदी उम्र 24 वर्ष ग्राम छपोरा थाना नेवरा जिला रायपुर को घटना स्थल ग्राम हिरमी धान मंडी के पास अवैध रूप से 33 पाव अंग्रेजी गोवा व्हिस्की शराब मात्रा 5.94 बल्क लीटर कीमती ?3960 बिकी हेतु रखा पाये जाने पर आरोपी के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई।

### एयरटेल बिजनेस ने अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के लिए 20 मिलियन स्मार्ट मीटरों को संचालित करने का करार किया

**रायपुर 10 जनवरी।** भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल की बी2बी इकाई, एयरटेल बिजनेस ने आज घोषणा की कि यह अदाणी एनर्जी सॉलूशंस लिमिटेड के लिए 20 मिलियन से अधिक स्मार्ट मीटर्स को सशक्ति करेगी। एयरटेल अपने राष्ट्रव्यापी मजबूत संचार नेटवर्क के माध्यम से एईएसएल के लगाए गए स्मार्ट मीटर्स के लिए भरोसेमंद और सुरक्षित कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। इसके अलावा, एनबी-आईओटी, 4जी और 2जी द्वारा संचालित बदलाव लाने वाले स्मार्ट मीटरिंग समाधानों से एईएसएल को स्मार्ट मीटर्स और हेडएड ऐप्लिकेशंस के बीच रियल टाइम कनेक्टिविटी और महत्वपूर्ण डेटा का आसानी से स्थानांतरण सुनिश्चित होगा। यह समाधान एयरटेल के आईओटी प्लैटफॉर्म एयरटेल आईओटी हब से पावर्ड होंगे। यह प्लैटफॉर्म आधुनिक विश्लेषणों और नैदानिक क्षमताओं के द्वारा स्मार्ट मीटर की ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग की क्षमता प्रदान करता है। इसके अलावा यह वास्त विक समय में जानकारी और सेवाएं प्रदान करेगा, जिससे ग्राहकों को अपने ऊर्जा खपत पर बेहतर नियंत्रण रखने में आसानी होगी। अदाणी एनर्जी सॉलूशंस के पास असम, आन्ध्र प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र और उत्तराखंड की बिजली कंपनियों से 20 मिलियन से अधिक स्मार्ट मीटर्स के ऑर्डर्स हैं। एयरटेल बिजनेस के सीईओ, गणेश लक्ष्मीनारायणन ने कहा कि, भारत का स्मार्ट मीटरिंग कार्यक्रम सरकार के सबसे महत्त्वपूर्ण नीतिगत सुधारात्मक कदमों में से एक है। ये मीटर स्मार्ट ग्रिड्स के लिए महत्वपूर्ण आधार और बिजली क्षेत्र के डिजिटलीकरण के लिए बुनियादी शक्ति हैं। एयरटेल को उम्मीद है कि इसकी एनबी-आईओटी टेक्नोपलॉजी बेहतर कवरेज, उच्च विश्वसनीयता और सुरक्षा के साथ बड़े पैमाने पर स्मार्ट मीटरों को जोड़ने और संभालने के लिए यूटिलिटी क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# पीएम जनमन योजना एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का करें प्रभावी क्रियान्वयन: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 10 जनवरी।** कलेक्टर चंदन कुमार ने सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में समय सीमा के तहत विभागीय कार्यो की काम काज की समीक्षा किए. जिसमें उन्होनें केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित जानकारीयों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सर्वोच्च प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होनें आज विशेष रूप से विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को शत प्रतिशत योजनाओं से शत प्रतिशत लाभांवित करने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री जनमन योजना एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर को और अधिक प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश कलेक्टर चंदन कुमार ने दिए है। बैठक में बिना जानकारी दिए सभी जनपद पंचायत सीईओ की अनुउपस्थित पर कड़ी नराजगी जताते हुए सभी जनपद सीईओ को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। जिसमें सीईओ बलौदाबाजार मनहरण मंडावी,भाटापारा जी एल गेंद्रे,सिमगा अमित दुबे,कसडोल हिमांशु वर्मा,पलारी रोहित नायक शामिल हैं। इसके साथ ही पंचायत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर सभी शाखा प्रभारियों को कामकाज में सुधार के निर्देश दिए हैं। उक्त बैठक में विभागवार लंबित आवेदनों के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के प्रमुखों से कहा कि आप सभी आवेदन जो आम जनता के द्वारा कलेक्टर शिकायत शाखा,सीपी ग्राम्स,जन शिकायत पीजीएन एवं लोक सेवा गारंटी आदि के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। उनका निराकरण कर जिला कार्यालय को शीघ्र सूचित करें। सभी आवेदनों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही हो जाना चाहिए साथ ही इस दौरान जिले में विभिन्न विभागों के नवीन प्रस्तावित कार्यो को बजट में शमिल करने हेतु पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं. इसके साथ ही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर विशेष ध्यान देने कहा हैं।उन्होंने आज धान खरीदी की विस्तृत समीक्षा की है। उन्होंने कहा की धान खरीदी में किसी भी किसान को कोई भी समस्या नही होनी चाहिए। इस बात का विशेष ख्याल रखनें एवं कसडोल तहसील के अंतर्गत विभिन्न गांवों में वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के संबंध में एसडीएम कसडोल,डीएफओ एवं सहायक आयुक्त को लंबित आवेदनो पर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए है।साथ ही आयुष्मान भारत पीएमजेएवाय,पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना,दीनदयाल अत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन,पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना,पीएम विश्वकर्मा योजना,पीएम किसान सम्मान निधि योजना,किसान क्रेडिट कार्ड (च्ड्डष्ट),पीएम पोषण अभियान,गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व),जनधन योजना,जीवन ज्योति बीमा योजना,सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना,इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया उन्नमूलन वन अधिकार पट्टा व्यक्तिगत एवं सामूहिक,वन धन केंद्र,पीएम स्वनिधि योजना,पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वला योजना,पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया पीएम आवास योजना (शहरी),स्वच्छ भारत अभियान (शहरी) पीएम भारतीय जन औषधि परियोजना,उजाला योजना,पीएम सौभाग्य योजना सहित जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में रनिंग जल कनेक्शन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर बीसी एक्का, डीएफओ मयंक अग्रवाल,सहित सभी सँयुक्त कलेक्टर,डिप्टी कलेक्टर समस्त विभागों के जिला प्रमुख, सभी सीएमओ एवं उपस्थित रहें।

### विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए लगाया गया विशेष शिविर

**रायपुर, 10 जनवरी।** विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए निरंतर शिविर लगाएं जा रहे हैं। योजना के तहत जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन) योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। गांव की बस्ती तक अधिकारियों का अमला पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। भारत सरकार की लगभग 22 योजनाओं का लाभ सभी लोगों तक पहुंचाना है। इनमें आम नागरिकों को पक्का घर, हर घर में नल, घर तक बिजली, शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, आजीविका सहित अन्य महत्वाकांक्षी योजनाएं शामिल हैं।

पीएम जनमन योजना से 1 हजार 472 लोगों को लाभ मिला

महासमुंद जिले के तीन विकासखण्ड महासमुंद, बागबाहरा और पिथौरा में कमार जनजाति के लोग निवास करते है। इनमें महासमुंद के 41 ग्रामों में 461 परिवार जिनकी कुल जनसंख्या 1687 है। इसी तरह बागबाहरा विकासखंड के 32 गांवों में 390 परिवार निवास करते है, जिनकी संख्या 1385 है। पिथौरा विकासखंड के दो ग्राम पंचायतों में 44 परिवार 168 सदस्यों के साथ निवासरत है। योजना के प्रचार-प्रसार के लिए 275 पारा-टोला में हिन्दी सहित छत्तीसगढ़ी बोली में दीवार लेखन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

जिला प्रशासन के द्वारा चिन्हांकित सभी विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के लोगों को लाभ दिलाने हेतु अभी तक 26 शिविर लगाया है। विशेष पिछड़ी जनजाति के 2682 हितग्राही शामिल हुए। 26 शिविरों में 301 लोगों का आधार कार्ड, 602 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 72 किसानों का पंजीयन, 15 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी एवं प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत 168 लोगों का नया खाता खोला गया। वहीं पीएम मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 10 महिलाओं का पंजीयन एवं 304 कमार परिवारों में राशन कार्ड वितरित किया गया।

## एक नजर

### टाटा एस वाहन में लगाई आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**रायपुर, 10 जनवरी ।** कर्मा चौक रामनगर में अज्ञात व्यक्ति ने टाटा एस वाहन में आग लगा दी। जिससे उसमें लोड सामान जलकर खाक हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गोलूराम ध्रुव 32 वर्ष सीतलापारा रामनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी टाटा एस वाहन क्रमांक सीजी 04 एचपी 8144 में सामान लोड कर कर्मा चौक के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात व्यक्ति ने उसमें आग लगा दिया। जिससे वाहन के साथ-साथ उसमें लोड सामान प्रोजेक्टर, स्क्रीन व अन्य सामान जलकर खाक हो गया। जिससे प्रार्थी को करीब 4 लाख 78 हजार 638 रुपए का नुकसान हुआ है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढियारी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 435 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर, 10 जनवरी ।** रावतपुरा कालोनी फेस 1 टिकरापारा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी रकम पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुरेश तांडी 62 वर्ष रावतपुरा कालोनी फेस 1 का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर व नकदी रकम पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 95 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### गार्डन के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 10 जनवरी ।** दलदल सिवनी स्थित इंद्रा स्मृति गार्डन के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेश्वर प्रसाद ध्रुव 25 वर्ष द्वारिका विहार दलदल सिवनी का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 के 9536 को इंद्रा स्मृति गार्डन के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब बेचते युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 10 जनवरी ।** उरला पुलिस ने सिंघानिया चौक के पास अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 67 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सिंघानिया चौक के पास आरोपी राजेश निषाद 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 67 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### उपमुख्यमंत्री अरुण साव आज बिलासपुर-मुंगेली के दौरे पर

**रायपुर, 10 जनवरी ।** उप मुख्यमंत्री अरूण साव आज न्यायधानी बिलासपुर के साथ ही मुंगेली जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वे सुबह सबसे पहले मुंगेली जिले के लोरमी के जाएंगे और वहां से खुडिया के लिए प्रस्थान करेंगे। डिप्टी सीएम साव दोपहर 12 बजे खुडिया में प्रधानमंत्री जनमन शिविर एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे। दोपहर 1 बजे खुडिया से लोरमी के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर दो बजे लोरमी में गुरू घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री साव दोपहर तीन बजे लोरमी से बिलासपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे शाम चार बजे बिलासपुर पहुंचेंगे। वे शाम पांच बजे साइंस कॉलेज मैदान में व्यापार एवं उद्योग मेला का उद्घाटन करेंगे। शाम 6 बजे बिलासपुर से रायपुर के लिए रवाना होंगे। वे रात आठ बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल, रायपुर से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा

**रायपुर, 10 जनवरी।** राज्य की सत्ता में काबित होने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने अब अपना पूरा फोकस लोकसभा चुनाव जीतने में लगा दिया है। इसी क्रम में प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित कर जिम्मेदारियां सौंपी जा रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने लोकसभा चुनाव की तैयारी व कार्यक्रम क्रियान्वयन हेतु समितियों का गठन किया है, जिनके माध्यम से जनता से सीधे जुड़कर उन तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के कार्यों को पहुंचाकर लोकसभा की सभी 11 सीटों में जनता का आशीर्वाद प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है व छत्तीसगढ़ के जिन विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को विजय प्राप्त नहीं हुई, उन स्थानों पर लोकसभा चुनाव में पार्टी की बढ़त बनाने की कार्य योजना भी तय की गई है।

# नशे पर कार्रवाई न होने से गृह मंत्री विजय शर्मा नाराज

**रायपुर 10 जनवरी।** गृह मंत्री विजय शर्मा नशे के खिलाफ कार्रवाई तेज न होने से पुलिस महकमा से बेहद नाराज है। उन्होंने डीजीपी अशोक जुनेजा से फोन पर बात की तथा निर्देश के बाद भी नशे के खिलाफ कार्रवाई न करने पर नाराजगी जताई। गृह मंत्री के फोन के बाद पुलिस मुख्यालय हरकत में आया। तुरंत एसपी, आईजी के व्हाट्सएप ग्रुपों में इमरजेंसी मीटिंग का मैसेज डाला गया। एसपी, आईजी को दो लाइन के संदेश में कहा गया-10 जनवरी को दोपहर 12 बजे डीजीपी साहब नशे पर कार्रवाई के संबंध में चर्चा करेंगे।तैयारी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग में कनेक्ट हों। पीएचक्यू के संदेश के बाद हड़कंप मच गया। कई जिलों में आधी रात को एसपी आफिस खुलवाया गया, सारे अधिकारियों को तलब कर कार्रवाई की जानकारी ली गई। आज सुबह से ही एसपी कार्यालयों में आंकड़े तैयार किए जा रहे थे।


बता दें, विजय शर्मा ने गृह मंत्रालय की कमान संभालने के बाद ही पुलिस अधिकारियों को बता दिया था कि वे नशे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई चाहते हैं। इस मामले में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद डीजीपी अशोक जुनेजा ने 27 दिसंबर को एसपी और आईजी की कांफ्रेंस लेकर गृह मंत्री की चिंता से अवगत कराते हुए कार्रवाई करने कहा था। मगर अधिकांश जिलों ने कोई मुहिम नहीं चलाई। एक दर्जन से अधिक जिलों के एसपी तो डीजीपी के निर्देश के बाद जिले की मीटिंग भी नहीं की। इसकी भनक गृह मंत्री को लग गई कि उनके बोलने के बाद भी पुलिस महकमा हरकत में नहीं आया है। फिर उन्होंने अफसरों की जमकर क्लास ले ली। दरअसल, गृह मंत्री विजय शर्मा को फीडबैक मिला है कि नशे की वजह से छत्तीसगढ़ में अपराधों का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। नशे पर बिना लगाम लगाए अपराधों पर काबू नहीं पाया जा सकता।




### भाजपा का संभाग स्तरीय समारोह में कार्यकर्ताओं का सम्मान

**रायपुर 10 जनवरी।** रायपुर में भाजपा का संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. भाजपा ने बस्तर से ही चिंतन शिविर की शुरुआत की थी. जिसका फायदा चुनाव में मिला और 8 सीटों पर भाजपा ने वापसी की. इन सीटों ने प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का रास्ता आसान किया. इसके साथ ही कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, सांसद सुनील सोनी जिला अध्यक्ष जयंती पटेल समेत भाजपा विधायक मौजूद है।

## रायपुर में मिले कोरोना के 12 नए मरीज



**रायपुर, 10 जनवरी ।** छत्तीसगढ़ में एक-दो दिन की मामूली राहत के बाद एक बार फिर से कोरोना के 18 नए मरीज मिले हैं। प्रदेश में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या एक बार फिर से बढने लगी है। स्वास्थ्य विभाग से जारी मेडिकल बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। प्रदेश के चार जिलों में कोरोना संक्रमित मरीजों की गई पहचान हुई थी। शेष जिलों में कोरोना का कोई भी नया मामला नहीं आया था। इनमें सबसे अधिक मरीज रायपुर से 12 मिले थे। वहीं रायगढ़ से तीन, बलौदाबाजार से दो और दुर्ग से एक मरीज की पहचान हुई थी। इसके बाद प्रदेश में कोरोना के एक्टिव कैसे की संख्या 115 हो गई है। राहत की बात है कि मंगलवार को 27 मरीज होम आइसोलेशन से और एक मरीज अस्पताल से डिस्चार्ज हुआ था। इस तरह से 28 मरीज कल स्वस्थ हुए हैं।

### दो चिकित्सकों में विवाद, तीन दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

**रायपुर 10 जनवरी।** अम्बेडकर अस्पताल के डॉक्टर विनय वर्मा द्वारा अस्पताल की महिला डॉक्टर पर मारपीट और अपशब्द कहे जाने पर महिला ने उन पर आरोप लगाए है। इसी मामले में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का बयान आया है जिसमे उन्होंने कहा है कि, दो चिकित्सकों के बीच में विवाद चल रहा है, संबंधित महाविद्यालय के डीन से मामले की जांच कराई जाएगी। और जो भी रिपोर्ट होगी उस पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने तीन दिन के भीतर रिपोर्ट पेश करने की बात कही है।

## राजधानी के बाजारों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने चेंबर की आयुक्त से चर्चा

**रायपुर 10 जनवरी।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल बताया कि आज चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त माननीय श्री अविनाश मिश्रा जी से सौजन्य मुलाकात कर बाजारों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की। श्री पारवानी जी ने बताया कि बाजार के अंतर्गत आने वाले परंपरागत बाजारों को उन्नत बनाने के लिए आवश्यक सुविधाओं जिसमें यातातात



व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा एवं सीसीटीवी व्यवस्था, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बाजारों की आवश्यकतानुसार सफाई एवं अपशिष्ट संग्रहण व्यवस्था, खम्बों से लगे हुए अव्यवस्थित तारों को व्यवस्थित/भूमिगत करने के साथ बाजार में महिलाओं और पुरुषों हेतु पर्याप्त शौचालय की व्यवस्था आदि पर चर्चा हुई साथ ही रायपुर होलसेल फुटवेयर एसोसियेशन के अध्यक्ष तनेश आहूजा एवं द रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष श्री पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा ने बाजार से संबंधित सुझाव रखे। श्री अविनाश मिश्रा जी ने उक्त चर्चा पर सकारात्मक रूख अपनाते हुए कहा कि नगर निगम के अधिकारियों की टीम चेम्बर पदाधिकारियों के साथ बाजारों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने में सहयोग करेंगे । इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, उपाध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह छाबड़ा, जय नानवानी, मंत्री अमित अग्रवाल, मालवीय रोड जवाहर बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष सुभाष बजाज, रायपुर होलसेल फुटवेयर एसोसियेशन के अध्यक्ष तनेश आहूजा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## पीएम मोदी की सहृदयता से बिंझिया समाज को मिला न्याय: मुख्यमंत्री

**रायपुर, 10 जनवरी ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज सूरजपुर जिले के जमदेई में आयोजित 'अखिल भारतीय बिंझिया समाज के महासम्मेलन और अभिनंदन समारोह' को सम्बोधित करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सहृदयता से बिंझिया जाति सहित 12 जातियों को जनजाति का दर्जा मिला। वर्षों से बिंझिया समाज जनजाति का दर्जा प्रदान करने के लिए मांग कर रहा था। उन्होंने कहा कि मांग के प्रति संवेदनशीलता दिखते हुए प्रधानमंत्री जी ने बिंझिया समाज सहित बारह जातियों को जनजातियों की सूची में शामिल किया, इन जातियों को विकास की मुख्यधारा में शामिल होने का अवसर मिला। आज बहुत खुशी है कि बिंझिया समाज सहित 12 जातियों के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बन रहा है और शासन की योजनाओं का लाभ इन वर्गों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार, सांसद रहते हुए मैंने स्वयं और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों का परिणाम है कि आज इन वंचित समुदायों को उनका हक मिला है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वे जब केंद्र में राज्यमंत्री थे। तब उन्होंने लगातार बिंझिया समाज सहित 12 जातियों को अनुसूचित जनजाति वर्ग में शामिल करने के लिए लगातार प्रयास किए थे। उन्होंने बताया कि लोकसभा व राज्यसभा में इस वर्ग की पीड़ा और समस्याओं को संसद में जोर-शोर से उठाया गया ताकि आदिवासी भाई-बहनों के साथ न्याय हो सके। उन्होंने 12 जातियों को जनजातियों की सूची में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के प्रति आभार प्रकट किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर मां कुदरगढ़ी मंदिर में रोप वे की स्वीकृति की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने देवीपुर महामाया मंदिर से पंपापुर रोड चौड़ीकरण के लिए 4.5 करोड़ रुपए, देवीपुर से नौवापर मार्ग में जोगीगुड़ा नाले में पुलिया निर्माण के लिए 3 करोड़ रूपए की स्वीकृति, 50 सीटर बालिका छात्रावास की मंजूरी तथा जमदेई में 20 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक भवन की स्वीकृति की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम मोदी जी की गारंटी में किए गए हर वायदे को पूरा करेंगे। हमने शपथ ग्रहण करने के बाद केबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख परिवारों को पक्का मकान देने की स्वीकृति का ऐतिहासिक निर्णय लेकर मोदी जी की गारंटी को पूरा करने की शुरूआत की। दूसरा वायदा पूरा करते हुए सुशासन दिवस के अवसर पर 12 लाख से अधिक किसानों को दो वर्ष के बकाया धान बोनस की 3716 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किसानों के खाते में किया। मोदी जी की गारंटी के तहत किसानों के धान को 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से 3100 रुपये प्रति किवंटल की दर से खरीद रहे हैं, श्री साय ने कहा कि जो किसान समर्थन मूल्य पर धान बेच चुके है, उन्हें अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई सरकार बनने के बाद हमने 25 दिनों के भीतर ही पीएससी के घोटाले की सीबीआई जांच के आदेश दे दिए हैं। वायदे के अनुसार विवाहित माताओं को सालाना 12000 रुपए देने की महतारी वंदन योजना शुरू करेंगे, गरीबों को 500 में गैस सिलेंडर, गरीब भूमिहीन मजदूरों को सालाना 10 हजार रूपए की सहायता राशि दी जाएगी। तेंदूपत्ता की खरीदी 5500 रूपए प्रति मानक बोरा के मान से की जाएगी। वनवासी भाईयों के हित में सब काम होंगे, एक लाख से ज्यादा बैकलॉग के पद खाली हैं उन्हें भी जल्दी ही भरेंगे। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने बहुत ज्यादा कर्ज से राज्य को लाद दिया है लेकिन हमारी नीति और नीयत सही है, हम सभी के हित में काम करेंगे। सरगुजा संभाग में मिले व्यापक जनसमर्थन को देखते हुए सरगुजा संभाग से तीन मंत्री बने हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने प्रदेश में खाद्य सुरक्षा योजना शुरू की। जिसके कारण लोगों को भूखे पेट नहीं रहना पड़ा, सभी को भोजन मिला डॉ. रमन सिंह जी चाउर वाले बाबा कहलाए।

## प्रधानमंत्री से 'परीक्षा पे चर्चा' करने विद्यार्थी करा सकते हैं नामांकन

**नामांकन की अंतिम तिथि 12 जनवरी**

रायपुर, 10 जनवरी । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी तनाव से दूर रखने हेतु सत्र 2023-24 हेतु लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' का सप्तम चरण जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। यह कार्यक्रम कक्षा 6वीं से 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अविभावकों को ऑनलाइन नामांकन के बाद प्रधानमंत्री से संवाद का अवसर प्रदान करता है। 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में समस्त नामांकित प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रेषित किया जाएगा। विद्यार्थियों का नामांकन समूह में शिक्षकों द्वारा भी किया जा सकता है। नामांकन की अंतिम तिथि 12 जनवरी 2024 है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी तनाव से दूर रखने प्रतिवर्ष लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' का आयोजन कर सीधे संवाद स्थापित किया जाता है। यह समय है जब परीक्षाओं को हम सब एक उत्सव के रूप में मनाएं। विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ उनके परीक्षा संबंधी तनाव को दूर करने में सहयोग करें और उन्हें अपना सर्वोत्तम प्रदान करने प्रेरित करें।

'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी, शिक्षक तथा अभिभावक इस कार्यकम में 05 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का उत्तर देकर अपना नामांकन करा सकते हैं। इसके लिए वेबसाईट लिंक 24/ के माध्यम से नामांकन कर सकते हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रधानमंत्री द्वारा लिखित पुस्तक एक्जाम वारियर व सामान्य ज्ञान पर आधारित होंगे। नामांकन के साथ-साथ विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक प्रधानमंत्री से अपने पूछे जाने वाले प्रश्न भी प्रेषित कर सकते हैं। चयनित प्रश्नों का उत्तर प्रधानमंत्री द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' पर आयोजित जीवंत कार्यक्रम में दिया जाएगा।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जिले में सभी विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का शत्-प्रतिशत नामांकन करवाए। विद्यार्थियों का नामांकन समूह में शिक्षकों द्वारा भी किया जा सकता है। नामांकन कार्य में व्यवसायिक शिक्षा के प्रशिक्षकों और आईसीटी के डिजी मित्रों का भी सहयोग लिया जा सकता है। कोचिंग कक्षाओं के प्रतिभागियों का नामांकन सुनिश्चित कराया जाए।

परीक्षा पे चर्चा हेतु रजिस्ट्रेशन हेतु छात्रों को अधिकारिक वेबसाईट पर जाना होगा। अगली पेज पर नोटिफिकेशन लिंक पर क्लिक करें, जिसमें लिखा है। इसके बाद परीक्षा पे चर्चा-2024 के लिंक पर जाना होगा। यहां एक नई विन्डो पर रीडायरेक्ट करेगा, नीचे स्क्रॉल करें और भाग लें अनुभाग के अंतर्गत 'छात्र (स्वयं भागीदारी)' पर क्लिक करें। रजिस्ट्रेशन हेतु अपनी प्राथमिक जानकारी नाम, मोबाइल, ई-मेल आदि दर्ज करें। इसी प्रकार शिक्षक, शिक्षक के माध्यम से विद्यार्थी व अभिभावक भी भाग ले सकते है। फिर दूसरा वेब पेज आयेगा वहां अपने मोबाइल नम्बर या ई-मेल आईडी से लॉगइन करें। आवेदन पत्र भरें और जमा करें।

## पेट्रोल पंप में चाकूबाजी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर 10 जनवरी।** थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत लालपुर स्थित पुजारी हाईवे फ्यूल्स में पैशन प्रो मोटर सायकल सवार अज्ञात 03 लड़के पेट्रोल भरवाने के लिये पेट्रोल पंप आये और जबरदस्ती पेट्रोल पंप का नोजल निकालकर अपने हाथ से खुद ही अपने मोटर सायकल में पेट्रोल डालने का प्रयास करने लगे तो वहां काम करने वाले कर्मचारी प्रशांत मिश्रा ने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो तीनों लड़के प्रशांत मिश्रा को मोटर सायकल में फ्री में पेट्रोल डालने बोले, कि उसके द्वारा फ्री में पेट्रोल डालने से मना करने पर तीनों लड़के प्रशांत मिश्रा को अश्लील गाली गलौच देते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे तथा अपने पास रखें चाकू से उसके कमर पर मारकर चोट पहुंचाये तथा तीनों मोटर सायकल में फरार हो गये। जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 26/24 धारा 294, 506, 324, 327, 34 भादवि. 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत अग्रवाल द्वारा गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त



पुलिस अधीक्षक शहर श्री लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम श्री जय प्रकाश बढ़ई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध श्री पीताम्बर सिंह पटेल, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती श्री राजेश चौधरी एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम श्री दिनेश सिन्हा, प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी टिकरापारा को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी, आहत, पेट्रोल पंप में कार्यरत अन्य कर्मचारियों सहित आस-पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ घटना स्थल तथा उसके आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन कर आरोपियों द्वारा उपयोग किये जाने दोपहिया वाहन के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर अज्ञात आरोपियों की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे थे।

इसी दौरान अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी में लगी टीम के सदस्यों को प्रकरण के आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में आरोपी जग्गा धीवर, विनय सिंह चौहान उर्फ दादू एवं अयान कुरैशी को पकड़कर प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया।

जिस पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 नग चाकू तथा प्रैशन प्रो मोटर सायकल जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

## पिछली सरकार ने भवन के निर्माण में नहीं रखा गुणवत्ता का ख्याल

**रायपुर 10 जनवरी।** स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल आमापारा में आज स्लैब का एक बड़ा हिस्सा गिर गया , लगभग 2 वर्ष पूर्व ही लाखों रुपए खर्च कर स्कूल बिल्डिंग का कायाकल्प किया गया था । भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने कहा है कि स्लैब गिरने की घटना से आज साबित हो गया है कि पूर्व की कांग्रेस सरकार के समय आत्मानन्द स्कूल के निर्माण में ख़र्च किये जाने वाले लाखों रुपए की आड़ में गुणवत्ता का ध्यान नही रखा गया जिसके परिणामस्वरूप आर डी तिवारी आत्मानन्द स्कूल जिसे की मॉर्डन स्कूल के रूप में कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता के सामने प्रचारित किया था उस बिल्डिंग की परतें 2 साल में ही उखड़ने और गिरने लगी है । भाजपा पार्षद मृत्युंजय दुबे ने ना केवल स्कूल निर्माण में भ्रष्टाचार बल्कि स्कूल के बाहर सड़क किनारे लगे फुटपाथ वे में भी र्भ्ष्टाचार का आरोप लगाया है कि वह पाथवे बनने के बाद ही उखड़ गया था जिस पर भाजपा पार्षद दल ने समान्य सभा में चर्चा के दौरान र्भ्ष्टाचार का आरोप लगाते हुए निर्माण की जाँच की करते हुए दोषियों पर कार्यवाही की भी माँग की थी । आज स्लैब गिरने की घटना के बाद भाजपा पार्षदों के द्वारा लगाया गया आरोप सत्य साबित हो गया है । भाजपा पार्षद दल नेता प्रतिपक्ष श्रीमती मीनल चौबे के साथ पिछले साल मोहबा बाजार और शहीद स्मारक स्वामी आत्मानन्द स्कूल के निर्माण कार्यों का निरक्षण किया था , स्तरहीन गुणवत्ता हीन निर्माण कार्य का आरोप लगाते हुए भाजपा पार्षद दल ने निगम प्रशासन और सरकार से जाँच की माँग रखी थी ।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26